# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 165 | गौतमबुद्धनगर, मंगलवार 14 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

3 लोगों पर कंटेनर चढ़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार





P- 4

डीआईजी ने शहर कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त कर जाना सुरक्षा





P- 5

यूक्रेन से युद्ध के बीच पुतिन ने अपने रक्षा मंत्री को हटाया





P- 6

डु ह्श्वलेसिस ने कहा, अब हमारी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में आयी




## हैप्पी मॉर्निंग


पप्पू- मां ये लड़कियां इतने व्रत क्यों रखती हैं?
मां- बेटा इतनी आसानी से थोड़ी मिल जाएगा किसी को तू
पप्पू (मन ही मन सोचता हुआ) बोला- कसम से आज पहली बार देवता वाली फीलिंग आ रही है



## शायरी

जो तुम्हारी तरह तुम से कोई झूटे वादे करता
तुम्हीं मुंसिफ़ी से कह दो तुम्हें एतिबार होता

## अर्थसार



सेंसेक्स: 72,776.13 +111.66 (0.15%)

निफ्टी: 22,104.05 +48.85

## मौसम



अधिकतम : 40 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से
सूर्योदय बुधवार : 5 : 31
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 07

# बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी नहीं रहे

पटना। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी का सोमवार शाम को दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वे 72 साल के थे। बीते कुछ समय से गले के कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन की जानकारी बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोशल मीडिया पर दी।

सुशील ने करीब 7 महीने पहले गले में दर्द की शिकायत पर जांच कराई थी, जिसमें कैंसर का पता चला था। इसके बाद से दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने 3 अप्रैल को अपने कैंसर की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी। लिखा था, पिछले 6 महीने से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है।%

सुशील मोदी का पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह करीब 9.30 बजे विशेष विमान से पटना लाया लाएगा। शव को राजेंद्र नगर में निजी आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। कल ही पटना के गुलबी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, लालू प्रसाद यादव समेत कई नेताओं ने सुशील मोदी के निधन पर दुख जताया है।

# मुंबई में होर्डिंग्स गिरने से 9 की मौत, 70 जखमी

## आंधी-बारिश में 100 फीट ऊंचा बिलबोर्ड पेट्रोल पंप पर गिरा

नई दिल्ली/मुंबई। मुंबई में सोमवार 13 मई को दोपहर 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। धूल भरी आंधी के बाद बारिश भी शुरू हो गई। तेज हवा और आंधी से दिन में ही रात सा नजारा दिखने लगा। अंधेरा छा गया। इसके चलते घाटकोपर के पेट्रोल पंप पर बिलबोर्ड गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई और 70 लोग जख्मी हो गए।

एनडीआरएफ के मुताबिक, बिलबोर्ड गिरने से फंसे 67 लोगों का रेस्क्यू किया गया। बचाव का जिम्मा एनडीआरएफ की टीम ने संभाला। रेस्क्यू ऑपरेशन में 67 लोगों की टीम को लगाया गया।



वहीं, मौसम में आए बदलाव का मुंबई एयरपोर्ट के ऑपरेशन पर असर पड़ा। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ का समय बदल गया। मेट्रो, लोकल रेल सर्विस भी प्रभावित हुई। हालांकि, दो घंटे बाद फिर से सेवाएं शुरू हो गईं।

मुंबई के घाटकोपर, बांद्रा, कुर्ला, धारावी, दादर,माहिम, मुलुंड और विक्रोली में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इनके अलावा, मुंबई के उपनगर ठाणे, अंबरनाथ, बदलापुर, कल्याण और उल्लासनगर में भी धूल भरी आंधी चली। यहां 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

मौसम विभाग ने बताया कि अगले दो दिन ऐसा ही मौसम रह सकता है। पालघर और ठाणे जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। कुछ जगहों पर तेज हवाओं के साथ बिजली गिर सकती है।

### वडाला में मेंटल पार्किंग टॉवर गिरा

तेज आंधी की वजह से वडाला में अंडर-कंस्ट्रक्शन मेटल पार्किंग टावर गिर गया। इसकी चपेट में कई वाहन आ गए। वहीं, जोगेश्वरी इलाके में गली में खड़े ऑटो पर पेड़ गिर गया। हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ और ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। नवी मुंबई के एरोली, घनसोली और वाशी के कई इलाकों में पेड़ गिरने की खबर है। कई इलाकों में पानी भरने की खबर है, इससे ट्रैफिक व्यवस्था पर भी असर पड़ा है।

# सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट : 12वीं में 87.98 प्रतिशत, 10वीं में 93.60 प्रतिशत हुए पास

### दोनों क्लास में लड़कियों का रिजल्ट बेहतर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने 12वीं का रिजल्ट जारी करने के एक घंटे बाद अब 10वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया है। स्टूडेंट्स ऑफिशियल वेबसाइट results.cbse.nicin / cbseresults.nic.in पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

### 10वीं में 93.60 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए

इस साल क्लास 10 में 2,238,827 स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया था। इनमें से 2,095,467 कैंडिडेट्स पास हुए हैं। 10वीं का पासिंग पर्सेंटेज 93.60 प्रतिशत रहा। पास पर्सेंटेज इस साल 0.48 प्रतिशत बढ़ा है। 2023 में ये 92.12 प्रतिशत था। लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 94.75 प्रतिशतहै जबकि लड़कों का 92.71त है।



### 12वीं में 87.98 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए

इस बार 12वीं में 87.98 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए हैं। पिछले साल की तुलना में पासिंग पर्सेंटेज 0.65 प्रतिशत बढ़ा है। लड़कों की तुलना में लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 6.40 प्रतिशत ज्यादा है। इस बार 91 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियां पास हुई हैं।

### त्रिवेंद्रम रीजन का रिजल्ट बेस्ट

सीबीएसई क्लास 12 के रिजल्ट में 99.91 प्रतिशत के साथ त्रिवेंद्रम एक बार फिर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला रीजन बना है। वहीं, प्रयागराज का रिजल्ट 78.25 के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा है। वहीं, 10वीं क्लास में भी त्रिवेंद्रम रीजन का रिजल्ट 99.75 प्रतिशत रिजल्ट के साथ बेस्ट रहा है। दूसरे नंबर पर 99.60 पासिंग पर्सेंटेज के साथ विजयवाड़ा रीजन है। तीसरे नंबर पर 99.30 प्रतिशत के साथ चेन्नई रीजन है।

# महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान 3 नक्सली मारे गए जिनमें 2 महिलाएं हैं। यह जानकारी पुलिस ने दी। नक्सलियों के खिलाफ ऐक्शन के तौर पर इसे पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि हमें खुफिया सूचना मिली थी। बताया गया कि नक्सलियों के पेरीमिली दलम के कुछ सदस्य अपने टैक्टिकल काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन को लेकर एकजुट हुए हैं। ये अपनी साजिश को अंजाम देने के मकसद से भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास जंगल में जमा हुए थे।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि गढ़चिरौली पुलिस की विशेष दस्ते सी-60 कमांडो की 2 यूनिट्स को तुरंत इलाके में तलाशी अभियान के लिए भेजा गया।

अधिकारी ने बताया कि जब दल तलाशी अभियान चला रहे थे, उसी समय नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सी-60 कर्मियों ने जवाब दिया। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद घटनास्थल से 1 पुरुष और 2 महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि उनमें से एक की पहचान वासु के रूप में हुई है, जो पेरीमिली दलम प्रभारी और स्वयंभू कमांडर था।

हादसा

गोताखोर की टीम तलाश में जुटी, पिकनिक मनाने के लिए आए थे चारों दोस्त

# हादसा : जालौन में बेतवा नदी में नहाने गए 4 युवक डूबे

एजेंसी

जालौन। जालौन में सोमवार देर शाम पिकनिक मनाने गए 4 दोस्त बेतवा नदी में नहाते समय डूब गए। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और गोताखोर की मदद से युवकों की तलाश शुरू कर दी। काफी देर तलाश के बाद भी युवकों का पता नहीं चला। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाया है। घटना कोटरा थाना क्षेत्र के सला घाट की है।



उरई कोतवाली क्षेत्र के बघौरा के रहने वाला अनुभव बुंदेला पुत्र प्रदीप, कनिष्क पुत्र कल्याण सिंह, शिवा पुत्र रमाकांत और कोमिषय पुत्र महेंद्र पाल सोमवार की शाम को सला घाट पर नहाने आए थे। सभी लोग नदी किनारे स्कूटी और बाइक पर कपड़ों के साथ जूते चप्पल रखकर बेतवा नदी में चले गए। काफी देर होने के बाद भी जब चारो लड़के कहीं नजर न आए और नदी किनारे ही उनकी गाड़ियों पर कपड़ों के साथ जूते चप्पल रखे दिखाई दिए तो अनहोनी की आशंका के चलते मौके पर आसपास के लोग जमा हो गए और उनकी खोजबीन की पर उनका कहीं पता ना चला।

### कपड़ों और जूते-चप्पल की परिजनों ने की पहचान

जिसके बाद कोटरा पुलिस को मौके पर बुलाया गया। बेतवा नदी के सला घाट पर चार लड़कों के डूबने की आशंका के चलते पुलिस ने स्थानीय गोताखोर को नदी में उतार दिया और गाड़ी नंबर के आधार पर घर वालों को सूचना दी गई।

मौके पर आए घरवालों ने उनके कपड़ों और जूते-चप्पल की पहचान की। फिलहाल पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को लड़कों की खोज के लिए बुलाया है।

### लापता युवकों की तलाश जारी

सीओ सिटी गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि लापता युवकों की तलाश में गोताखोर को उतारा गया है। एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है। फिलहाल युवकों की तलाश जारी है।

# कार के ओवरटेक करने के दौरान हादसा; 3 की मौत, 14 घायल

राजगढ़। राजगढ़ में सेना के ट्रक, यात्री बस और कार की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में सेना के एक जवान समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 14 घायल भोपाल के अस्पतालों में भर्ती हैं। हादसा सोमवार सुबह करीब 10 बजे राजगढ़ जिला मुख्यालय से 110 किमी दूर पीलूखेड़ी गांव के पास हुआ। एसडीओपी उपेंद्र भाटी ने बताया कि सेना का ट्रक और कार भोपाल से ब्यावरा की ओर आ रहे थे। कार ने ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान कार का अगला हिस्सा ट्रक के अगले हिस्से से जा टकराया। ट्रक का बैलेंस बिगड़ा और वह सड़क की दूसरी लेन में जा घुसा। सामने से आ रही बस उससे टकरा गई। बस ब्यावरा से भोपाल की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों ही गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कुरावर थाना प्रभारी मेहताब सिंह के अनुसार, हादसे में बस क्लीनर ओम कोरी निवासी गुना की मौके पर ही मौत हो गई।



# चौथे चरण में लोक सभा की 96 सीटों पर मतदान 63 प्रतिशत से अधिक

नयी दिल्ली, 13 मई (वार्ता) लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार 63.18 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

चौथे चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 28 सीटों पर मतदान कराया गया।

चुनाव आयोग द्वारा शाम साढ़े आठ बजे तक उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव में क्रमश- 68.20 और 64.23 प्रतिशत मतदान हुआ।

सुबह सात शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। कुछ स्थानों पर मतदान का समय शाम सात बजे तक बढ़ाया गया था।

आयोग के सूत्रों ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट सहित कई निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गयीं। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से मतदाता अपनी परम्परागत वेशभूषाओं में देखे गये।

### वोटिंग के दौरान 3 लोगों की मौत

चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में तीन लोगों की अलग-अलग वजह से मौत हुई है। पश्चिम बंगाल के बोलपुर में वोटिंग से एक दिन पहले टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या हो गई। टीएमसी ने CPI (M) समर्थकों पर बम धमाके का आरोप लगाया है। दुर्गापुर में भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है। बिहार के मुंगेर में वोटिंग से पहले एक पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंगेर में ही वोटिंग के दौरान पर्ची नहीं देने के आरोप में कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 2 युवकों को हिरासत में ले लिया। महाराष्ट्र के बीड में एक न्यूज चैनल के पत्रकार की हार्ट अटैक से मौत हुई है।



चौथे चरण में सर्वाधिक 76.08 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ जबकि आंध्रप्रदेश में 68.20 ,बिहार में 56.12 प्रतिशत,झारखंड में 64.30, मध्यप्रदेश में 70.35 प्रतिशत महाराष्ट्र में 53.06, ओडिशा में 64.23, तेलंगाना 61.69, उत्तर प्रदेश में 58.02 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 रद्द किये जाने के बाद हो रहे पहले चुनाव में श्रीनगर सीट पर,37 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया।




# बुजुर्गों की सेहत और चुनौतियां

आज की तेज गति वाली जीवनशैली में, बुजुर्गों की सेहत और उनकी चुनौतियाँ एक महत्वपूर्ण विषय हैं। बढ़ती आयु, सामाजिक परिवर्तन, और परिवार की संरचना में परिवर्तन उन्हें अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### बुजुर्गों की सेहत

वृद्धावस्था एक समय है जब शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की खास परवाह की जानी चाहिए। बुजुर्गों की सेहत पर ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि उनके लिए शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक स्वास्थ्य में सुधार उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है।

शारीरिक स्वास्थ्य : बुजुर्गों की शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल में विशेष महत्व है। वे अक्सर अलग-अलग बीमारियों का सामना करते हैं जैसे कि डायबिटीज, हार्ट रोग, अर्थराइटिस, और ऑस्टिओपोरोसिस। नियमित चेकअप, स्वस्थ आहार, और नियमित व्यायाम उनकी शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य : वृद्धावस्था में मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान भी बहुत महत्वपूर्ण है। ध्यान और मनोरंजन के लिए समय निकालना, सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना, और स्वस्थ संबंध बनाए रखना वृद्धावस्था में मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

सामाजिक स्वास्थ्य : बुजुर्गों का सामाजिक संबंध भी महत्वपूर्ण है। उन्हें समाज में सक्रिय रहने का मौका मिलना चाहिए, जिससे उनका मन ताजगी और सकारात्मकता से भरा रहे। परिवार और मित्रों के साथ समय बिताना उनकी मनोबल को बढ़ा सकता है।

वृद्धावस्था के साथ आती कई चुनौतियां होती हैं जो उन्हें अधिक संजीवनीय और समाधानात्मक बनाती हैं।

स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां : बुजुर्गों के शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डालने वाली बीमारियों और उनकी उपचार व्यवस्था की कमी से आई समस्याएं होती हैं। इसके अलावा, शारीरिक कमजोरी, बोन लॉस, और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं।

आर्थिक चुनौतियां : वृद्धावस्था में आर्थिक समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। अकसर पेंशन और मेडिकल बिल्स की चिंता होती है, जो उनके लिए आर्थिक दबाव बना सकता है।

मानसिक संतुलन : वृद्धावस्था में मानसिक संतुलन की कमी भी हो सकती है, जो अकेलापन, उदासी, और डिप्रेशन के कारण हो सकती है।

समाजिक अलगाव : वृद्धावस्था में, परिवार और समाज में अलगाव की समस्या भी होती है। अकसर बुजुर्गों को उनकी समझौता और समाजिक स्थिति से असंतुष्टि होती है।

बुजुर्गों की सेहत और चुनौतियों का सामना करने के लिए कुछ उपाय हैं

नियमित चेकअप : वृद्धावस्था में नियमित चेकअप बहुत महत्वपूर्ण है। इससे बीमारियों का पता चलता है और समय रहते उपचार किया जा सकता है। स्वस्थ आहार : स्वस्थ आहार खाना वृद्धावस्था में बुजुर्गों की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है। उन्हें प्रोटीन, फल, सब्जियां, और पूरे अनाज का सेवन करना चाहिए।

नियमित व्यायाम : नियमित व्यायाम करना वृद्धावस्था में शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है। योग, वॉकिंग, या अन्य शारीरिक गतिविधियाँ कर सकते हैं।

मनोरंजन : मनोरंजन और ध्यान बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य को सुधार सकते हैं। वे किताबें पढ़ सकते हैं, म्यूजिक सुन सकते हैं, या किसी शौक में लगे रह सकते हैं।

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान



ललित गर्ग

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।




पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया।

अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है।

दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे।

वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

पीओके के लोग चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं।

पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस तरह भारतीय तिरंगा लहराया जा रहा है और भारत में विलय के स्वर उठ रहे हैं, उससे भविष्य में इस विवादित क्षेत्र पर निर्णायक पटकथा लिखे जाने के आसार नजर आ रहे हैं।

भारत को पीओके के घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, ताकि इससे हमारे सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर न पड़े एवं भविष्य की नीतियों का निर्धारण करने में सुविधा रहे।

# टाईम पास

## बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ीं


पिछले वर्ष जून में दिल्ली पुलिस ने पंद्रह सौ पन्नों का आरोपपत्र दायर किया। उसमें महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए ज्यादातर आरोप सही पाए गए थे। पुलिस ने बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन उत्पीड़न, पीछा करने, धमकाने और महिला गरिमा को आहत करने के लिए मुकदमा चलाने की सिफारिश की थी।

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में एक बार फिर इंसाफ की उम्मीद जगी है। दिल्ली की एक अदालत ने कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पर्याप्त सबूतों के आधार पर आरोप तय कर दिए हैं।

छह में से पांच महिला पहलवानों के आरोपों को सही माना है। इस तरह अब बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पिछले वर्ष जनवरी में महिला पहलवान बृजभूषण शरण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गई थीं। मगर तब पुलिस मामले को टालती रही। जब सर्वोच्च न्यायालय ने फटकार लगाई, तब मुकदमा दर्ज किया गया। फिर भी जांच को लेकर टालमटोल का रवैया बना रहा। अदालत ने फिर फटकार लगाई, तो जांच शुरू हुई। पिछले वर्ष जून में दिल्ली पुलिस ने पंद्रह सौ पन्नों का आरोपपत्र दायर किया। उसमें महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए ज्यादातर आरोप सही पाए गए थे। पुलिस ने बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन उत्पीड़न, पीछा करने, धमकाने और महिला गरिमा को आहत करने के लिए मुकदमा चलाने की सिफारिश की थी। हालांकि उस पर पहली ही सुनवाई में अदालत ने मामले को एमपी-एमएलए अदालत में भेज दिया था। इस मामले में सरकार की तरफ से ऐसा कोई प्रयास नहीं किया गया, जिससे जाहिर हो कि वह महिला पहलवानों के पक्ष में है। पिछले वर्ष केंद्रीय खेलमंत्री ने महिला पहलवानों को न्याय दिलाने का भरोसा देते हुए एक जांच समिति गठित कर दी थी।


मगर वह समिति चुप्पी साध कर बैठ गई। इससे नाराज पहलवान दुबारा धरने पर बैठ गईं। फिर उन्हें तरह-तरह से आंदोलन वापस लेने को विवश किया जाता रहा। जब आंदोलन कुछ उग्र होता दिखा तो पुलिस ने दमन का रास्ता अख्तियार किया और पहलवानों को धरना स्थल से उखाड़ फेंका था। उसके बाद महिला पहलवानों का हौसला जैसे पस्त पड़ गया। उन्होंने अपने पदक गंगा में बहाने की कोशिश की, फिर उन्हें प्रधानमंत्री निवास के बाहर रख आए। फिर भी बृजभूषण शरण सिंह पर कोई शिकंजा कसता नजर नहीं आया। वे बेखौफ घूमते रहे। विचित्र है कि जिन धाराओं में उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया, उनके तहत अगर कोई सामान्य नागरिक होता, तो उसे जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया होता। मगर बृजभूषण शरण न केवल बाहर घूमते रहे, बल्कि राजनीतिक बयानबाजी भी करते रहे। आखिरी वक्त तक लोकसभा चुनाव का टिकट हासिल करने की दौड़ में शामिल थे। हालांकि पार्टी ने उनकी जगह उनके बेटे को प्रत्याशी बना दिया। जिन महिला खिलाड़ियों ने बृजभूषण के खिलाफ आवाज उठाई थी, वे अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता हैं। वे अच्छी तरह जानती थीं कि उनके इस कदम का उन्हें क्या नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कुश्ती महासंघ को साफ-सुथरा बनाने के लिए एक तरह से अपना पूरा खेल जीवन दांव पर लगा दिया। मगर उन्हें इंसाफ दिलाने के बजाय सारा सरकारी तंत्र आरोपी के पक्ष में खड़ा नजर आया। जांच में जानबूझ कर देर की गई। अब अदालत के ताजा रुख से फिर उम्मीद बनी है कि इंसाफ हो सकता है। जब यौन उत्पीड़न के खिलाफ ऐसे नामचीन खिलाड़ियों की गुहार पर सुनवाई की प्रक्रिया में इतनी देर लग सकती है, जिनके साथ पूरे देश की भावना जुड़ी हुई है, तो सामान्य महिलाओं की दबंग लोगों के खिलाफ शिकायतों का निपटारा भला कहां तक और किस रूप में हो पाता होगा, समझना मुश्किल नहीं है।

## काकुरो पहेली - 3181




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 3180 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा- 'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा- 'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला- 'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला- 'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा- 'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला- 'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □


सीता- 'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता- 'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3181



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3180



## सूडोकु -3181

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु - 3180 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## शब्द पहेली - 3181



**बाएँ से दाएँ**

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

शब्द पहेली -3180 का हल



# नोएडा की सुरभि-अखिल 99.2 प्रतिशत नंबर संग संयुक्त टॉपर

## सुरभि ने कहा- इकोनॉमी में बनाना चाहती हूं करियर; अखिल बोले- क्वालिटी बेस स्टडी जरूरी

नोएडा। सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। अचानक आए परीक्षा परिणाम ने सभी स्टूडेंट्स को अचंभित कर दिया। अब तक नोएडा के अधिकांश सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहे है।

नोएडा के एमिटी स्कूल की स्टूडेंट सुरभि मित्तल ने सर्वाधिक 99.2 प्रतिशत अंक हासिल किए है। इसके अलावा नोएडा के समरविल स्कूल के अखिल दहिया ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। वे साइंस स्ट्रीम से है।

सुरभि ने कहा- रोजाना करीब 8 से 9 घंटे की पढ़ाई करती हूं। ये स्टडी उन्होंने एग्जाम के कुछ दिन पहले की थी। सुरभि का कहना है कि स्कूल में प्री बोर्ड के अलावा काफी एग्जाम होते है। इसलिए हमेशा ही इन एग्जाम की तैयारी में ही पूरा सिलेबस आराम से पढ़ लिया जाता है। पढ़ाई के साथ खेल कूद भी ज़रूरी है। सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाया है। उसका यूज भी करती हूं लेकिन ज्यादा समय पढ़ाई पर देना सही है।

सुरभि का साइकोलाजी में 99, पॉलिटिकल साइंस में 100, मैथ में 98, इंग्लिश में 100 और इकोनॉमी में 99 अंक हासिल किए। शुरुआत से ही इकोनॉमी में भविष्य बनाने की इच्छा थी। इसलिए सब्जेक्ट भी यही चुने।

उन्होंने बताया- प्रेशर लेकर कभी पढ़ाई नहीं करनी चाहिए। टीचर और पेरेंट्स का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने सेल्फ स्टडी की हालांकि कभी कोई प्रॉब्लम आने पर यू-ट्यूब या अन्य आथर की किताबों से काफी मदद मिली।

सुरभि के पिता आशीष मित्तल पेशे से इंजीनियर है। मां अंजली टीचर है। उन्होंने यही कहा कि टाइम मैनेजमेंट से पढ़ाई करनी चाहिए। ताकि एग्जाम के दौरान प्रेशर न बढ़े।



सुरभि मित्तल
99.2%



अखिल दहिया
99.2%

### इंजीनियरिंग करना है लक्ष्य

अखिल ने कहा- रोजाना 10-12 घंटे पढ़ना कोई वजह नहीं है। जो भी पढ़ना है टारगेट बेस होना चाहिए। मैं जब पढ़ता हूं तो एक टारगेट बनाता हूं। मतलब आज मुझे ये साइंस का चैप्टर कम्प्लीट करना है। वो मैं करता था और लास्ट में बस रिवीजन। यानी घंटे वाइज नहीं बल्कि क्वालिटी बेस स्टडी होनी चाहिए। अखिल ने फिजिक्स में 100, केमिस्ट्री में 98, मैथ में 98, कंप्यूटर साइंस में 100 और इंग्लिश में 100 अंक हासिल किए। शुरुआत से ही इंजीनियर बनने का लक्ष्य रखा था। अभी छ्श्वश्च में अच्छे पर्सेंटाइल आए है। अभी एडवांस का एग्जाम बचा है। उसकी तैयारी चल रही है।

अखिल ने बताया- सोशल मीडिया में फेसबुक और इंस्टाग्राम किसी मतलब के नहीं है। हालांकि यू ट्यूब से थोड़ी बहुत मदद मिल सकती है। लेकिन वीडियो स्टडी से बेटर है क्लास और सेल्फ स्टडी। मैने भी सेल्फ स्टडी की। अखिल के पिता दीपक दहिया पेशे से इंजीनियर है और मां कुमुद दहिया फैशन डिज़ाइनर है। दोनों के साथ टीचरों का इस सफलता में बहुत योगदान रहा। उन्होंने मुझ पर कभी प्रेशर नहीं डाला और न ही मेरे ऊपर कभी प्रेशर आया।

### नोएडा समेत पूरे रीजन का परीक्षा परिणाम 80.27 प्रतिशत रहा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) के सोमवार को जारी 12वीं के परिणाम में नोएडा रीजन का प्रदर्शन लचर रहा है। इस बार नोएडा क्षेत्र के परिणाम में 10 प्रतिशत की कमी आई है। क्षेत्र का परिणाम 80.27 प्रतिशत रहा है, जबकि 2023 में 90.27 प्रतिशत था। नोएडा रीजन देश में सीबीएसई के 17 क्षेत्रों में 16वें स्थान पर है। नोएडा रीजन में इस बार 12वीं में 1.33 लाख छात्रों ने 357 केंद्रों पर परीक्षा दी थी। नोएडा रीजन में गौतमबुद्ध नगर, बागपत, शामली, गाजियाबाद, बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, मैनपुरी, कासगंज, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, हाथरस जिले आते हैं।

# नोएडा सीईओ ने श्रमिकों का जाना हाल, सुनी परेशानियां

## सड़कों की स्थिति खराब मिलने पर कंपनी पर लगाया 2 लाख का जुर्माना

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने सेक्टर-49 लेबर चौक का निरीक्षण किया। यहां वे श्रमिकों के बीच गए और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस मौके पर डीजीएम जन स्वास्थ्य एस पी सिंह, परियोजना अभियंता गौरव बंसल, परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य आर के शर्मा मौजूद रहे।

लेबर चौक पर श्रमिकों ने सीईओ से लेबर चौक पर पीने के पानी की व्यवस्था के लिए प्याऊ और अतिरिक्त शौचालय बनाने की मांग की।

सीईओ ने महाप्रबंधक (जल) और वाह्य विज्ञापन को एक सप्ताह के अंदर पानी की व्यवस्था करने और अतिरिक्त शौचालय की व्यवस्था प्राथमिकता पर करने के लिए निर्देश दिए।

सेक्टर-49 लेबर चौक पर वेटिंग पाइंट बनाने के सम्बन्ध, में अवगत कराया गया। जिससे धूप और बारिश से बचा जा सके। इसके लिए उप



महाप्रबंधक (सिविल) को शेड बनाने और बैठने के लिए सीमेंट की बेंच प्राथमिकता पर लगाए जाने के लिए कहा गया।

श्रमिकों के कार्ड पंजीकरण की सुविधा कराने की मांग की गई। इसके लिए अपर श्रम आयुक्त से समन्वय स्थापित किए जाने के लिए परियोजना अभियंता को निर्देशित किया गया।

इसके अलावा मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने ग्राम निठारी रोड, वोडा महादेव मंदिर रास्ता, स्टेडियम रास्ता, डीएससी रोड का निरीक्षण किया।

जिसमें Chennai MSW Pvt. Ltd. के एग्रीमेंट की सड़कों की स्थिति काफी खराब पाई गई। कंपनी पर 2.00 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं वोडा महादेव मन्दिर मार्ग पर कार्यरत दोनों सफाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गई।

डीएससी रोड पर पेट्रोल पम्प के सामने फुटपाथ क्षतिग्रस्त पाया गया और बड़े नालों की सफाई के लिए दीवार तोड़कर मशीन को उतारा गया। इस पर उप महाप्रबंधक (सिविल) को उक्त नाले पर जगह-जगह पक्के रैंप बनाकर लोहे का गेट लगाए जाने के लिए कहा गया।

# आवारा कुत्ते ने महिला पर किया हमला

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में डॉग बाइट के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बीटा टू सेक्टर में देखने को मिला, जहां पर अपने छोटे बच्चे के साथ जा रही महिला पर एक कुत्ते ने अचानक से पीछे से हमला कर दिया और महिला को काट लिया। कुत्ते के काटने से महिला घायल हो गई। फिलहाल सेक्टर के लोगों में आवारा कुत्तों को लेकर काफी रोष नजर आ रहा है। पूरा मामला रविवार शाम का है। बीटा-2 सेक्टर के 9 क्रॉस स्ट्रीट के पास एक मकान में रहने वाली महिला कविता अपने बच्चों के साथ में बाजार से घर आ रही थी तभी अचानक से पीछे से एक कुत्ता आता है और वह महिला पर हमला कर देता है। जैसे ही कुत्ता हमला करता है महिला और उसका बच्चा पूरी तरह सहम जाते हैं। कुत्ते का हमला करने से महिला घायल हो गई। कुत्ते ने उसके पैर पर काटा है। कुत्ते के हमला करने का यह वीडियो एक मकान के बाहर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कविता ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ आ रही थी तभी कुत्ते ने हमला कर दिया। वह और उसका बच्चा काफी ज्यादा डर गए।

# नोएडा की पारस टियारा सोसाइटी में लिफ्ट के ब्रेक फेल

## चौथी मंजिल से सीधे 25वें मंजिल पहुंची, 3 लोगों को लगी चोट, लोगों में गुस्सा



नोएडा। नोएडा में रविवार की देर रात लिफ्ट का ब्रेक फेल होने से तीन लोगों को चोटिल हो गए। पारस टियारा सोसाइटी के टावर-5 की लिफ्ट में यह घटना हुई जब अचानक लिफ्ट के ब्रेक फेल हो गए और वह बेकाबू होकर सीधे 25वीं मंजिल पर पहुंच गई। हालांकि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं लगी। लोगों का आरोप है कई बार कहने के बाद भी लिफ्ट की मेंटेनेंस नहीं कराई गई।

सोसाइटी के निवासियों के मुताबिक, लिफ्ट चौथी मंजिल पर खराब हो गई थी और लोग बाहर निकलने लगे थे। इसी बीच लिफ्ट के ब्रेक काम करना बंद कर दिए और वह तेजी से ऊपर उठने लगी। आखिरकार लिफ्ट ने सबसे ऊपरी मंजिल की छत को तोड़ दिया। इस दुर्घटना के समय लिफ्ट में तीन लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही सोसाइटी के अन्य निवासी मौके पर इकट्ठा हो गए। निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से लिफ्ट की देखरेख ठीक से नहीं की जा रही थी।

उन्होंने इस लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। सोसाइटी के सचिव ने कहा कि वे आर्किटेक्ट और निर्माताओं से इस पूरे मामले की जांच करवाएंगे। घटना की जानकारी मिलते ही नोएडा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि तकनीकी खामी के कारण यह हादसा हुआ है। सभी लोग सुरक्षित हैं और मौके पर शांति बनी हुई है।

फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बता दे इसी पारस सोसाइटी में पहले भी लिफ्ट में हादसे हो चुके है। यहां एक महिला की लिफ्ट फेल होने से मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई बार लिफ्ट फंसने की घटनाएं भी सामने आ चुकी है। इस घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है।

# पानी की किल्लत बरकरार, टैंकर से बुझा रहे प्यास

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की रक्षा एडेला सोसाइटी में लगातार छठे दिन पानी की आपूर्ति बाधित है। रविवार को भी प्राधिकरण ने टैंकर से सोसाइटी में पानी पहुंचाया। जो पर्याप्त नहीं रहा। परेशान निवासियों ने किसी तरह काम चलाया, लेकिन किचन और पीने के लिए बाजार से पानी खरीदकर काम चला रहे हैं। सोसाइटी के निवासियों में प्राधिकरण के साथ-साथ बिल्डर के खिलाफ काफी रोष है। आरोप है कि प्राधिकरण की व्यवस्था पूरी तरह से बेकार है। पानी देने में भी नाकाम साबित रहा हैं।

गौड़ सिटी-2 स्थित रक्षा एडेला सोसाइटी में करीब 900 परिवार रहते हैं। जो छह दिन से पानी की आपूर्ति बंद होने से परेशान हैं। निवासियों ने बताया कि ग्रेनो प्राधिकरण पानी की आपूर्ति करता है, लेकिन छह दिन से लाइन खराब है। प्राधिकरण के अधिकारी समस्या का समाधान करने की जगह तरह-तरह के कारण बता रहे हैं। पहले पंप खराब होने और अब लाइन में लीकेज बता रहे हैं, लेकिन पानी नहीं होने से निवासी परेशान हैं। सोमवार को सभी को कार्यालय व बच्चों को स्कूल जाना था। टैंकर से आ रहे पानी से काम चलाया, लेकिन वह कभी भी खत्म हो जाता है। पानी की ज्यादा जरूरत होने पर प्राधिकरण ने 10 से अधिक टैंकर भेजे। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी का रिजर्व टैंक की क्षमता 5 लाख लीटर की है, जो बैकअप में काम आता है, लेकिन इस समय टैंक भी खाली है।

# 3 लोगों पर कंटेनर चढ़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## 100 से ज़्यादा कैमरे किये गए चेक, बाइक सवार भाई-बहन समेत तीन की गई थी जान

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने सड़क दुर्घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बन्द बॉडी कन्टेनर भी बरामद कर लिया गया है। एक महीने पहले मोटरसाइकिल सवार भाई भनोंको टक्कर मार दी थी, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई थी।

दरसअल, 12 अप्रैल को कुलेसरा निवासी सुरेंद्र अपने बहन शैली, अंशु व उसकी सहेली सिम्मी को मोटरसाइकिल पर लेकर कासना से कुलेसरा जा रहा था। जैसे ही वह लोग परीचौक के पास पहुंचे तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों भाई बहनों (सुरेंद्र,शैली व अंशु ) की दर्दनाक मौत हो गई ,जबकि सिम्मी



घायल हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया और वाहन की तलाश में जुट गई।

पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए ।इस दौरान करीब 100 से ज़्यादा फुटेज खंगाले गए ।अलग अलग जगह पर जाकर बीटा 2 पुलिस ने कैमरों को खंगाला और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता भी ली गई ।इसमे करीब एक महीने का



समय लगा।

### परी चौक,पेरीफेरल एक्सप्रेस वे समेत टोल के कैमरे खंगाले

सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से आखिरकार पुलिस ने ट्रक की कंटेनर की पहचान कर ली और नम्बर ट्रेस करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बन्द बॉडी कनटेनर भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आगरा निवासी राजपाल को गिरफ्तार किया। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि बहुत ही दर्दनाक सड़क हादसा हुआ था। जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। सड़क हादसा करने के बाद आरोपी अपने वाहन को लेकर फरार हो गया था। उसको पकड़ना हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती थी। इस मामले में पुलिस टीम ने परी चौक, पेरीफेरल एक्सप्रेस वे, एलजी गोल चक्कर एवं विभिन्न टोलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को चैक किया। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके बंद बॉडी कंटेनर को भी बरामद कर लिया गया है।

# नोएडा प्राधिकरण सीईओ किसानों से नहीं मिले

## किसानों का आरोप 3 घंटे तक बैठाए रखा, प्रदर्शन कर अधिकरियों से की लूज टॉक

नोएडा। सोमवार को नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम से मिलने किसान पहुंचे। किसानों का आरोप है कि करीब तीन घंटे तक इंतजार करने के बाद भी सीईओ नहीं आए। इसके बाद किसानों ने अपना आपा खो दिया और लोकेश एम के केबिन के सामने प्रदर्शन करने लगे। मौके पर पहुंची प्राधिकरण और स्थानीय पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया।

वहीं प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि किसानों के साथ बोर्ड रूम में वार्ता की जा रही थी। सीईओ विजिट पर थे। ये बात किसानों को बता दी गई। जिसके बाद किसानों ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ लूज टॉक किया। यही नहीं बार-बार समझाने के बाद भी वे नहीं माने और प्रदर्शन करने लगे। जबकि उनकी सभी बातों को सुना गया।



सुबह करीब 11 बजे भारतीय किसान मंच के पदाधिकारी मांगों को लेकर सीईओ से मिलने प्राधिकरण गए। वहां बोर्ड रूम में उन्हें बैठा दिया गया। इसके बाद प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद, भू लेख ओएसडी अरविंद सिंह, क्रांति शेखर और नियोजन विभाग के उप महाप्रबंधक विजय रावल ने किसानों की समस्या सुनी। उनके सवालों का जवाब दिया गया।

इसके बाद किसानों ने सीईओ से मिलने की बात कही। सीईओ विजिट होने पर वे दफ्तर नहीं पहुंचे। जिस पर किसानों ने आपा खोते हुए अधिकारियों के साथ लूज टॉक किया। प्राधिकरण के कॉरिडोर में सीईओ के केबिन के सामने नारेबाजी करने लगे। समझाने के बाद भी वे नहीं माने और वहीं धरने पर बैठ गए। इसके बाद आला अधिकारियों से बातचीत की गई। इस मौके पर पुलिस एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने किसानों से बातचीत की। कुछ देर बाद वे दोबारा से बोर्ड रूम में गए।

प्राधिकरण अधिकारियों ने कहा कि आप एक डेलिगेशन बना लीजिए, जो प्राधिकरण के सीईओ से मिलेगा। ऐसा करने से भी किसानों ने मना किया। थोड़ी देर बाद किसान वहां से चले गए। दरअसल किसान 10 प्रतिशत विकसित भूखंड, आबादी निपटारा और 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा संबंधित मांग पर क्या प्रगति रिपोर्ट है, ये जानकारी लेने के लिए प्राधिकरण गए थे। हालांकि उन्होंने प्राधिकरण के सीईओ से मिलने के लिए कोई समय नहीं लिया था और न ही उनकी इस संबंध में सीईओ से बातचीत हुई थी। प्राधिकरण ने बताया कि तय कार्यक्रम के तहत सीईओ विजिट पर निकल गए। वहीं किसानों का आरोप है कि जब वे लोग प्राधिकरण पहुंचे तो सीईओ अपने चैंबर में थे। ऐसे में कम से कम एक बार उनको मिलना चाहिए।

# नोएडा में आप विधायक के खिलाफ नॉन बे लेबल वारंट जारी

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-95 स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समैन समेत अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के मामले में इकरार अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इकरार, अमानतुल्लाह खान का मैनेजर है। आरोपी इकरार का नोएडा पुलिस ने दिल्ली पुलिस से आपराधिक रिकार्ड मांगा है।

एडीसीपी ने मनीष मिश्र ने बताया कि अमानतुल्लाह खान, बेटे अनस और अबु बकर के खिलाफ नॉन बे लेबल वारंट जारी किया गया है।

गिरफ्त में आए आरोपी इकरार पेट्रोल पंप में मारपीट के दौरान मौजूद था। नोएडा पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी कालिंदी कुंज बॉर्डर के पास से की है। बता दें, इस मामले में विधायक अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें लगातार दबिश दे रही है।

इससे पहले नोएडा पुलिस आरोपी आप विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके बेटे अनस के बाटला हाउस स्थित घर पहुंची थी। दोनों घर से फरार मिले। विधायक के घर का दरवाजा बंद मिला, तो पुलिस ने उनके आवास के बाहर ही नोटिस चस्पा कर दिया था।

पुलिस के मुताबिक दिल्ली की ओखला सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके पुत्र समेत अन्य लोगों के खिलाफ सात मई को कोतवाली फेज-वन में मुकदमा दर्ज हुआ है।

आरोप है कि सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह के फिलिंग स्टेशन पर मंगलवार सुबह विधायक का बेटा अनस अपनी कार लेकर पहुंचा।

उसने लाइन में न लगकर बोला कि आगे वाली गाड़ी को आगे बढ़ाकर मेरे गाड़ी में पहले तेल भर दो। इस पर सेल्समैन ने कहा कि आप लाइन में हैं अभी आपकी गाड़ी में तेल भर जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## अमानतुल्लाह का मैनेजर गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-95 स्थित पेट्रोल पंप पर सात मई को पंप कर्मचारियों की पिटाई करने के मामले में फेज-वन पुलिस ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान के मैनेजर इकरार अहमद (50) को गिरफ्तार किया है। मामले में विधायक और उसके बेटे की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। इसके साथ ही पुलिस ने एससी-एसटी की धारा बढ़ाने के अलावा अमानतुल्लाह, उसके बेटे अनस और अन्य आरोपी अबू बकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी कर दिया है। पुलिस ने बताया कि शाहीन बाग, दिल्ली निवासी आरोपी इकरार मारपीट में शामिल था। सूचना पर पुलिस ने इकरार को कालिंदीकुंज बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी आप विधायक अमानतुल्लाह, उसके बेटे अनस समेत अन्य आरोपियों की तलाश में नोएडा पुलिस की तीन टीमें दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इससे पहले नोएडा पुलिस आरोपी अमानतुल्लाह खान और अनस के बाटला हाउस स्थित घर पहुंची थी। दोनों के नहीं मिलने पर पुलिस ने नोटिस चस्पा कर दिया था। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि पेट्रोल पंप पर हुई मारपीट के मामले में गवाहों के बयान दर्ज किए गए। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया।

## दहेज में बुलेट मांगने पर बिना दुल्हन लौटाई बरात

दादरी। कलौंदा गांव में गाजियाबाद के एक गांव से आई बरात में दूल्हे ने निकाह पढ़ने के बाद दहेज में बुलेट मांग ली। इस पर लड़की पक्ष ने दूल्हे और उसके पिता को बंधक बनाकर शादी का खर्च वसूला और बिना दुल्हन बरात लौटा दी। मामले की पुलिस से भी शिकायत की गई है, मगर बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। कलौंदा गांव में रविवार को इकबाल की दो बेटियों के लिए गाजियाबाद के कल्छीना गांव निवासी सलीम के बेटे अबूबकर व उमर हयात की बरात आई थी। विदाई के दौरान अबूबकर ने दहेज में बुलेट की मांग की। इकबाल ने गरीबी का हवाला दिया, लेकिन दूल्हा जिद पर अड़ा रहा। इस दौरान बराती चले गए, लेकिन ग्रामीणों ने दोनों दूल्हे और उसके पिता बंधक बना लिया। कहासुनी के बाद दोनों का तलाक हुआ फिर गाड़ी में लोड किया गया सामान भी उतरवा लिया। इसके बाद लड़की पक्ष ने शादी खर्च हुए सात लाख रुपये की मांग की। काफी जद्दोजहद के बाद रुपये मिलने पर दूल्हे और पिता को छोड़ा गया। कोतवाली प्रभारी सुनील बैसला का कहना है कि मामला संज्ञान में आने पर पुलिस टीम भेजी गई। दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और तहरीर देने से इन्कार किया है।

## मृत व्यक्ति को जीवित दर्शा कर बेच दिया प्लाट

ग्रेटर नोएडा। छह साल पहले मृत व्यक्ति को जीवित दर्शाकर उसकी फर्जी जीपीए दिखाकर पहले प्लाट को अपने नाम कराया और फिर बेच दिया। मामला जब प्राधिकरण-पुलिस अधिकारियों के समक्ष आया तो जांच बैठाई गई। सेक्टर अल्फा-1 के निवासी वीरेंद्र सिंह ने पुलिस कमिश्नर को दी गई शिकायत में कहा है कि गाजियाबाद के शालीमार गॉर्डन निवासी का सेक्टर ओमिक्रान-3 में 70 वर्गमीटर का प्लाट था। उनकी मृत्यु 2017 में हो गई थी। आरोपियों ने इस मृत को जीवित दर्शा कर उसकी फर्जी पावर ऑफ अटार्नी तैयार करवाई। इसके बाद प्लाट को 1.50 करोड़ रुपये में बेच दिया। इस मामले का पता जब पीड़ित को चला तो विभागों में पूछताछ की। जानकारी हुई कि ग्रेटर नोएडा के सब रजिस्ट्रार कार्यालय ने भी गाजियाबाद में हुई फर्जी पावर ऑफ अटर्नी को सत्यापन नहीं किया। अब वीरेंद्र ने कहा है कि इस मामले में वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने फर्जी दस्तावेज तैयार किए हैं। इनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

## जिला अस्पताल में पीएफ घोटाले की जांच शुरू

नोएडा। जिला अस्पताल में 250 से अधिक कर्मचारियों का पीएफ खाते में निजी एजेंसी द्वारा भुगतान लेने के बाद भी जमा नहीं किए जाने के मामले में जांच शुरू हो गई है। सोमवार को ईपीएफओ की टीम जिला अस्पताल पहुंची और दस्तावेज खंगाले। ईपीएफओ ने कुछ और दस्तावेज भी जिला अस्पताल से मांगे हैं। सोमवार को सुबह के समय टीम पहुंची और जिला अस्पताल में पूर्व में कर्मचारियों की आपूर्ति करने वाली एजेंसी परफैक्ट लॉव्या के टेंडर और पीएफ भुगतान पर जानकारी ली। कर्मचारियों के उपस्थिति रिकॉर्ड, एजेंसी को बिल भुगतान के रिकॉर्ड भी अधिकारियों ने लिए। बुधवार को फिर से टीम जिला अस्पताल आएगी और संबंधित लोगों से पूछताछ करेगी। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि एजेंसी को भी जबाव देने के लिए ईपीएफओ ने कहा है। इससे पहले पीएफ नहीं जमा होने पर कर्मचारियों ने लिखित शिकायत सीएमएस डॉ. रेनू अग्रवाल से की थी।

## गौतमबुद्ध नगर में दो लुटेरे गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना सेक्टर फेस-3 पुलिस ने दो बड़े ही शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लुटेरों के कब्जे से अलग-अलग कंपनियों के 13 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त एक बाइक भी बरामद की है। फेस-3 पुलिस ने लोकल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ललित और शोभित को सेक्टर-65 ए ब्लाक पार्क के पास से गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी दादरी तो दूसरा कानपुर का रहने वाला है। यह दोनों बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे हैं। यह पार्क व सुनसान जगह पर मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। खासकर यह उन लोगों को निशाना बनाया करते थे जो लोग इनका पीछा न कर सकें। इसीलिए उनके द्वारा पार्क में सुनसान जगह पर आने वाले व घूमने वाले बुजुर्गों और ज्यादा वजन वाले लोगों को निशाना बनाया जाता था। यह तेजी से उनका फोन छीनकर भाग जाया करते थे। यह बुजुर्गों और ज्यादा वजन वाले लोगों को इसलिए निशाना बनाते थे कि वह इनका पीछा न कर सकें। इन दोनों आरोपियों पर आधा आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

## हंगामे की सूचना पर पहुंचे सुरक्षा गार्ड को पीटा

गाजियाबाद। विजयनगर सिद्धार्थ विहार की एक सोसायटी में नशे में शोर मचाने और हंगामा करने की शिकायत सोसायटी निवासियों ने गार्ड से की। मौके पर सुरक्षा गार्ड पहुंचे तो हंगामा करने वाले परिवार ने उनके साथ अभद्रता कर मारपीट की और उनका मोबाइल भी फेंककर तोड़ दिया। इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंच गया तो पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। जहां मारपीट करने वाले परिवार के लोगों ने गार्ड से माफी मांगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोसायटी में एक परिवार फ्लैट में किराये पर रहता है। रविवार रात उन्होंने किसी के पदोन्नति के होने पर पार्टी की। इसके बाद नशे में परिवार के लोग पहले तो पार्क में झगड़ा करने लगे। इसके बाद उन्होंने फ्लैट पर जाकर भी हंगामा किया। आसपास के लोगों ने सोसायटी के सुरक्षा गार्डों से इसकी शिकायत की थी। सुरक्षा गार्ड ने परिवार को समझाने का प्रयास किया था लेकिन महिला समेत तीन लोगों ने गार्ड से अभद्रता करने के साथ उनके साथ मारपीट की। एसीपी कोतवाली प्रियाश्री पाल ने बताया कि मामले में अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस टीम पर हमले के मामले में 13 गिरफ्तार

मुरादनगर। 10 दिन पूर्व पाइप लाइन मार्ग स्थित ईंट भट्ठे पर दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने गई टीला मोड़ पुलिस पर हुए हमले के मामले में मुरादनगर पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। टीला मोड़ पुलिस से मारपीट कर लोगों ने दुष्कर्म के आरोपी को छुड़ा लिया था। पुलिस बाकी नामजद समेत अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। शुक्रवार रात बहादरपुर मार्ग स्थित एक ईंट भट्ठे पर टीला मोड़ थाने की पुलिस टीम दुष्कर्म के आरोपी जितेंद्र नागर उर्फ जब्बार को पकडने् गई थी। पुलिस ने मौके से आरोपी को पकड़ लिया था लेकिन उसके शोर मचाने पर मौके पर सैकड़ों लोग एकत्र हो गए और पुलिसकर्मियों को बंधक बना मारपीट कर आरोपी को जुड़ा लिया था। मामले में टीला मोड़ थाने के दरोगा विजय कुमार ने जितेंद्र नागर उर्फ जब्बार, हरीश नागर, कुलदीप नागर, अनुज नागर, सत्ते को नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि मुरादनगर पुलिस ने दबिश देकर राहुल, संदीप, अनिल, ब्रजेश, मोहित, संदीप, हरीश, बाबू, सुनील, हेमेंद्र, सतेंद्र निवासी मथुरापुर व बहादरपुर गांव निवासी दीपक, नीरज का शांतिभंग में चालान किया है।

# जौनपुर में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

## 10 दिन पहले पुलिस ने कहा था-जान को खतरा है, घर से न निकलना; दो शूटर मारना चाहते हैं





मडियाहूं, जौनपुर। जौनपुर में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के सबरहद निवासी आशुतोष सोमवार सुबह घर से निकले। घर से 500 मीटर की दूरी पर बाइक सवार 2 बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सीने और पेट में 4 गोलियां लगी। आसपास के लोग आशुतोष को आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागे। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस बारे में अगर आशुतोष की शिकायत सुन ली गई होती तो आज शायद वह जिंदा होते।

### छोटे भाई की पत्नी ने बताई पूरी बात

आशुतोष के छोटे भाई की पत्नी डॉली श्रीवास्तव ने बताया कि 10 दिन पहले शाहगंज कोतवाली में आशुतोष को बुलाया गया था। पुलिस ने कहा था कि आप घर से न निकलिए। घर में रहिए। आपकी जान को खतरा है। दो शूटर आपको मारना चाहते हैं। इस पर आशुतोष ने कहा कि मैं कब तक अपने घर में रहूंगा। आप मुझे सुरक्षा दे दीजिए। लेकिन, पुलिस ने सुरक्षा नहीं दी।

### नाश्ता करके घर से निकले थे

छोटे भाई की पत्नी डॉली श्रीवास्तव ने बताया कि आज सुबह 9 बजे आशुतोष ने नाश्ता किया। फिर बुलेट से बाहर निकले थे। जाते समय कहा था कि थोड़ी देर में आकर खाना खाता हूं। लेकिन, कुछ देर बाद ही उन्हें गोली मार दिए जाने की सूचना मिली।

### पुलिस अफसरों को लेटर लिखकर जान का खतरा जताया था

परिजनों के मुताबिक, आशुतोष श्रीवास्तव ने कुछ दिन पहले ही सीओ शाहगंज और थाना प्रभारी शाहगंज को पत्र लिखकर जान का खतरा बताया था। सुरक्षा के लिए गुहार भी लगाई थी, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। न ही आशुतोष के प्रार्थना-पत्र पर कोई विचार किया गया। हत्या के बाद लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन भी किया।

### सुबह बाइक से भाजपा के लिए प्रचार करने निकले थे

बता दें कि आशुतोष श्रीवास्तव भाजपा के कार्यकर्ता भी हैं। वह सुबह प्रचार-प्रसार के लिए बाइक से निकले थे। इस दौरान सुबह नौ बजे अज्ञात अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने घर से 500 मीटर की दूरी पर रोक लिया। आशुतोष कुछ समझ पाते, इसके पहले ही अपराधियों ने उनके सीने और पेट में ताबड़तोड़ चार गोलियां मार दीं।

### आशुतोष की हत्या के पीछे भूमाफियाओं पर शक

पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के पीछे भूमाफियाओं पर भी शक गहरा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, परिजनों ने बताया कि वो भूमाफिया के खिलाफ खबरें लिखते थे। संभावना जताई जा रही है कि इसी रंजिश को लेकर पत्रकार की हत्या की गई है।

### दोनों बदमाश गमछे से मुंह बांध रखे थे

स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक पर दो बदमाश सवार थे। दोनों बदमाशों ने गमछे से मुंह बांध रखा था। गोली मारते ही आशुतोष गिर गए, और अपराधी तुरंत भाग निकले। सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या की सूचना मिली। सीएचसी केंद्र शाहगंज पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई है। सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए जा रहे हैं।

## सहारनपुर में 4 साल की बच्ची से रेप

सहारनपुर। सहारनपुर में 4 साल की बच्ची से रेप करने का मामला सामने आया है। मंदिर परिसर में खेल रही बच्ची को आरोपी युवक घर छोड़ने के बहाने ले गया था। गांव के पास ही खेत पर ले जाकर युवक ने बच्ची के साथ रेप किया। बच्ची जब काफी देर तक घर और उसके आस-पास नहीं मिली, तो परिजनों ने पुलिस में सूचना दी। देर रात तक सर्च ऑपरेशन चला। इसके बाद दूसरे दिन सुबह बच्ची खेत पर मिली। मामला थाना गंगोह क्षेत्र का है। थाना गंगोह क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 4 साल की बच्ची के साथ गांव के ही युवक समीर ने दुष्कर्म किया। रविवार को गांव के ही मंदिर में एक भंडारे का आयोजन हुआ था। भंडारा खत्म होने के बाद बच्ची मंदिर परिसर में ही खेल रही थी। तभी गांव का ही युवक समीर वहां आया और बच्ची को घर छोड़ने के बहाने गोद में लेकर चला गया। जब देर रात तक बच्ची घर नहीं पहुंची तो परिजनों में अफरा तफरी मच गई। देर शाम तक बच्ची के परिजन सोचते रहे की बच्ची मंदिर में है। लेकिन जब मंदिर जाकर देखा तो वहां बच्ची नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत की। बच्ची के गायब होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। महिला रात को एसपी देहात सागर जैन भी मौके पर पहुंच गए। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि रात भर बच्चों की तलाश को लेकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

# मदरसे में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी, गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ की हजरतगंज पुलिस ने मदरसे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है।

आरोपी फर्जी नियुक्ति पत्र देकर नौकरी का झांसा देता था। इसके अलावा गलत दस्तावेज तैयार कर सरकारी पैसों का भी गबन करता था।

गोरखपुर के रहने वाले एजाज अहमद ने बताया कि एक ही पद, एक ही कागज और एक ही तारीख में दो व्यक्ति अमजद रजा व शहादत अली ने फर्जी नियुक्ति लेकर सरकारी सैलरी का गबन किया है।

मदरसा कर्मचारी अनीस अहमद की पिछले साल 20 अगस्त को मदरसे में मृत्यु हो गई थी। खाली पद को भरने के लिए शहादत अली और अमजद रजा का नियुक्ति पत्र मदरसा शिक्षा परिषद को मिला। इसमें तत्कालीन रजिस्ट्रार एसएन पांडेय का साइन भी था।

आरोप है कि शहादत अली के नियुक्ति पत्र पर फर्जी साइन कराया था। इसके बाद जालसाजी करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। मामले में जांच कर रही पुलिस ने बहराइच के भटपरुवा कला कटरा बाजार के फैयाज अहमद पुत्र धनयाज अहमद को गिरफ्तार किया।

## शार्ट न्यूज

### तेज आंधी से 33केवी हरगांव लहरपुर मेनलाइन हुई क्षतिग्रस्त पेड हटाने का कार्य प्रगति पर

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। सोमवार की सुबह अचानक मौसम के करवट बदलते ही आयी जोरदार आंधी-तूफान ने एक तरफ जहां जनजीवन को अस्त व्यस्त किया वहीं पर लहरपुर से हरगांव को आयी तैंतिस हजार की लाइन पर कई जगहों पर पेड़ों के गिरने से पूरी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। बिजली विभाग के कर्मचारी सुबह से ही पेड़ों को हटाकर मेन लाइन को पुन: चालू करने में जुट गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को देखते ही देखते अचानक मौसम ने करवट बदली ।जिससे पहले जोरदार आंधी-तूफान आया ।उसके बाद झमक कर पानी बरसा। जिले के हरगांव क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान से लहरपुर हरगांव की तैंतिस हजार विद्युत की मेन लाइन पर पेड़ गिर जाने के कारण कई जगहों पर पोल टूट गए और विद्युत लाइन पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई ।जिससे समूचे हरगांव क्षेत्र की बिजली गुल हो गयी। पावर हाउस हरगांव के कर्मचारी सुबह से ही गिरे पेड़ों को हटाकर बिजली बहाल करने में जुट गए है। उप खण्ड अधिकारी विद्युत रामाज्ञा ने बताया कि पूरी तन्मयता के साथ कर्मचारी कार्य को अंजाम दे रहे हैं विद्युत बहाली का प्रयास कर रहे हैं ।संभवत: देर शाम तक विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी।

### बागपत में पुलिस की लुटेरों से मुठभेड़

बागपत। बागपत पुलिस ने मुठभेड के बाद 2 लुटेरों को गिरफ्तार करते हुए दो अलग-अलग स्थान पर हुई लूट की घटनाओं का खुलासा किया है। गिरफ्तार लुटेरों के कब्जे से दो जिंदा कारतूस दो तमंचे और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और लूटी गई 15 हजार की नगदी भी बरामद हुई है। पूरा मामला बड़ौत कोतवाली क्षेत्र का है, जहां 4 अप्रैल के बरवाला गांव निवासी हरपाल से 50 हजार की लूट हुई थी। बड़का गांव निवासी इलियास से 12 मई को लुटेरों ने 12 हजार की नगदी और मोटरसाइकिल लूट ली थी। दोनों मामलों का खुलासा करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि दो बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं तभी पुलिस ने घेराबंदी की और मुठभेड़ के बाद 2 लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और 15 हजार की नगदी बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त लवकुश निवासी लुहारा जनपद बागपत और देव उर्फ काला गांव लुहारा जनपद बागपत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बड़ौत सीओ सविरत्न सिंह ने बताया कि दो लुटेरों को गिरफ्तार करते हुए अलग-अलग क्षेत्र में हुई दो लूट की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पिता के हत्यारे बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोंडा। गोंडा में सरफराज खान की शनिवार रात आरोपी बेटे ने ही हत्या की थी। क्योंकि आरोपी अपने सगे चाचा की ही बेटी से प्यार करने लगा था और निकाह करना चाहता था। मृतक सरफराज आरोपी बेटे की शादी करने को तैयार नहीं थे और इसी बात को लेकर के पिता और बेटे दोनों के बीच आपसी कहासुनी भी हुई थी। आपसी कहासुनी के दौरान ही आरोपी बेटे द्वारा अपने पिता के सिर पर सिलबट्टे से ताबड़तोड़ प्रहार करके पिता सरफराज को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिन्हें इलाज के लिए गोंडा जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा अमृत घोषित कर दिया गया था। फिलहाल आरोपी बेटे रिजवान को धानेपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज आगे की जांच में जुटी हुई है। दरअसल धानेपुर क्षेत्र अंतर्गत राजापुर गांव के रहने वाले 70 वर्षीय सरफराज खान की शनिवार रात्रि में उनके ही बेटे रिजवान द्वारा सिलबट्टे से सिर पर प्रहार करके हत्या कर दी गई थी। क्योंकि आरोपी रिजवान की पत्नी अपने दो बच्चों को लेकर के 3 महीने पहले छोड़ करके चली गई थी। रिजवान पत्नी के छोड़कर जाने के बाद ही अपने सगे चाचा अजमतुल्ला की बेटी से प्रेम करने लगा था और उसी से शादी भी करना चाह रहा था।

### बस्ती में युवक ने किया सुसाइड

बस्ती। बस्ती में कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसका शव तीन दिन तक फंदे से लटकता रहा, लेकिन किसी को इस बात की जानकारी नहीं हो पाई। कमरे से दुर्गंध आने लगी तो ग्रामीणों को शक हुआ, जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो अंदर युवक का शव सड़ रहा था और उससे दुर्गंध उठ रही थी। मामला दौलतपुर गांव का है। तीन दिनों से बंद घर में युवक प्रदीप शर्मा का शव फंदे से लटकता मिला। मृतक के साले संजय ने बताया कि उनकी बहन बच्चों के साथ 10 दिन पहले अपने मायके चली गई थी। जब दरवाजा तोड़ा गया तो पता चला कि प्रदीप ने फांसी लगा ली है। दौलतपुर गांव निवासी पंडित देवस्य मिश्र ने बताया कि मृतक प्रदीप शर्मा बिजली मैकेनिक का काम करता था। उसके पिता बाबूलाल उससे अलग गांव के चौराहे पर रहते हैं और आटा चक्की की दुकान चलाते हैं। प्रदीप अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। बीते तीन दिनों से प्रदीप की बाइक दौलतपुर चौराहे पर ही खड़ी थी, जबकि वह किसी को नजर नहीं आया तो लोगों ने सोचा कि कहीं बाहर गया होगा। सोमवार को उसके घर से तेज दुर्गन्ध आने पर घटना की जानकारी हो सकी। पुलिस के अनुसार शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

### दो लोगों पर तेंदुए ने किया हमला

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी के सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव सहिजना में तेंदुए ने दो लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव सहिजना निवासी रोशन लाल अपने घर के बाहर लेटे हुए थे। घर के सामने केले का खेत है उसी खेत में तेंदुए को आता देख रोशन लाल जान बचाकर भागने लगे। तेंदुए ने तभी रोशन लाल पर हमला कर दिया। शोर शराब सुनकर पड़ोस में रहने वाले लोग इकट्ठा होकर शोर शराबा करने लगे। भीड़ देख तेंदुआ रोशन लाल को छोड़ कर केले खेत से होते हुए भाग निकला। वहीं, घायल रोशन लाल को सीएचसी निघासन में भर्ती कराया गया है। वहीं, कुछ देर बाद तेंदुए ने वोट डालकर घर वापस आ रहे छड़ीराम पर रास्ते में हमला कर दिया और छड़ी राम को वहीं पास में लगे केले के खेत में खींच ले गया। ग्रामीणों ने दौड़कर छड़ीराम को तेंदुए के चंगुल से छुड़ाया और उनको इलाज के लिए निघासन सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती कराया, जहां छड़ीराम की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। ग्रामीणों ने तेंदुए के हमले की जानकारी वन विभाग को दी। टीम केले के खेत में छुपे बैठे तेंदुए की निगरानी में लगी हुई है और ग्रामीणों को सतर्क भी कर रही ताकि तेंदुए के पास कोई न जाए।

### बिजनौर में लोगों ने कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

बिजनौर। बिजनौर शहर के दर्जनों लोग इकट्ठा होकर आज कलक्ट्रेट पहुंचे। अतिक्रमण के नाम पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा दिए गए नोटिस व घरों और दुकानों पर लगाए गए लाल निशान का विरोध कर कार्रवाई को रोके जाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। सोमवार को बिजनौर शहर विदुर कुटी रोड के रहने वाले दर्जनों लोग इकट्ठा होकर कलक्ट्रेट पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन जिला अधिकारी अंकित अग्रवाल को सौंपा। शहर कोतवाली से लेकर रामलीला चौक तक दोनों साइड के रहने वाले लोगों का कहना है कि उन्हें हाल ही में पीडब्ल्यूडी ने एक नोटिस दिया है। साथ ही उनके मकानों और दुकानों पर लाल निशान लगाया गया है। लोगों का कहना है कि उनकी दुकानों और मकानों को 50 से 100 साल का समय बीत गया है तब से लेकर अब तक तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन अचानक से लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्हें नोटिस जारी कर उनके मकान और दुकान के अगले हिस्से को अतिक्रमण बताकर लाल निशान लगाकर व नोटिस जारी कर तोड़े जाने की बात कही गई है। इस दौरान लोगों का कहना है कि अगर उनके मकान और दुकान तोड़े गए तो उनके सामने आर्थिक संकट आ जाएगा और उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

# ऑक्सीजन प्लांट में ब्लास्ट : 1 कर्मचारी की मौत, दूसरा घायल

एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में ऑक्सीजन प्लांट में धमाका हुआ है। हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि 4-5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। धमाका इतना तेज था कि प्लांट में रखा टिन शेड भी चकनाचूर हो गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। धमाके की वजह पता नहीं चल सकी है। हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र के सफेदाबाद स्थित ऑक्सीजन प्लांट में हुआ है।

बताया जाता है कि सारंग ऑक्सीजन प्लाट में गैस रिफिलंग का काम किया जाता है। यहां आज भी गैर रीफिल की जा रही थी, तभी एक ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। हादसे में प्लांट में काम करने वाले कर्मचारी लालजी यादव(40) की मौके पर ही मौत हो गई।

धमाका इतना तेजा था कि लालजी की बॉडी के टुकड़े दूर जा गिरे। इसके अलावा प्लांट में रखा टिन शेड भी चकनाचूर हो गया। हादसे के वक्त प्लांट में 4-5 कर्मचारी काम कर रहे थे।

## गोरखपुर में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, कर्मचारी झुलसा

**गोरखपुर।** गोरखपुर में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पिपराइच इलाके के जंगल धूषण स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ भीषण आग लग गई। धमाका होते ही फैक्ट्री की दीवार भी गिर गई। इसके साथ ही पूरी फैक्ट्री में आग की तेज लपटे उठने लगी। यहां काम करने वाला एक कर्मचारी भी गंभीर रुप से घायल हो गया। आग से उसके शरीर का अधिकांश हिस्सा जल गया। वहीं, फैक्ट्री भी पूरी तरह जलकर राख हो गई। यह फैक्ट्री बुढऊ चाचा पटाखे वाले के बेटे अब्दुल्ला की है। यहां देसी बम, अनार और लाइट बनाई जाती है। सूचना पाते ही पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

## संभल में ट्रैक्टर-ट्राली और कैंटर में आमने-सामने की भिड़ंत

# तीन लोगों की मौत 20 से अधिक लोग घायल

संभल। संभल में आमने-सामने तेज रफ्तार कंटेनर और ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत हो गई। भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल है। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद डीएम, एसपी एवं सीएमओ मौके पर पहुंच गए। आपको बता दें कि ट्रैक्टर ट्राली सवार 100 वर्षीय बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कर वापस घर के लिए लौट रहे थे। सड़क हादसे के बाद तेज अवतार कंटेनर सड़क किनारे पलट गया, वहीं पुलिस ने मृतकों की शवों को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है।

पूरी घटना उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव दीपपुर डांडा की है। बीते रविवार को थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव लधनपुर निवासी 100 वर्षीय शीशपाल सिंह की मौत हो गई थी, परिजन और अन्य ग्रामीण बीते सोमवार की शाम 04 बजे बुजुर्ग का अंतिम संस्कार करने के लिए जनपद बुलंदशहर के अनूप शहर गंगा गए थे। बताते हैं कि बीती रात 11 से 12 बजे के बीच गांव दीपपुर डांडा में आमने-सामने तेज रफ्तार कैंटर और ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत हो गई। कैंटर



अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया वहीं ट्रैक्टर ट्राली भी पलट गई, इस भीषण सड़क हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली पर आगे बैठे तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सड़क हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई।

### कई थानों की पुलिस मौके पर

सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद डीएम मनीष बंसल एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, एएसपी श्रीशचंद्र, एसडीएम गुन्नौर रमेश बाबू, सीओ गुन्नौर आलोक कुमार सिद्धू सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीएमओ ने मौके पर ही डॉक्टरों की टीम को बुलाया और घायलों का इलाज शुरू करते हुए सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां कुछ लोगों की हर गंभीर होने पर उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय रेफर कर दिया गया और यहां भी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### हादसे में 20 लोगों घायल

सड़क हादसे में मृतकों के नाम घासीराम (60 वर्षीय), महिपाल (54 वर्षीय) एवं गुमानी (42 वर्षीय) है। जबकि घायलों के नाम भूरे सिंह, छोटे सिंह, कुमारसैन, अजय पाल, बेनो, नरेश पाल, कुंवरपाल, प्रवेश कुमार, राधेश्याम, फूलों, तुलाराम, रनू सिंह, जगमोहन, पप्पू, चंद्रपाल, परमेश, धीरेंद्र, जगमोहन, रतीराम, अमरपाल, नत्थू, ख्याली व रुमाली है।

एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है अन्य घायलों को इलाज के लिए अस्पताल एवं हायर सेंटर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि कैंटर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

घायल नरेश ने बताया कि आमने-सामने ट्रैक्टर ट्राली और टैंकर टकरा गया, हम लोग अनूपशहर से अंत्येष्टि करके वापस घर लौट रहे थे। एक ट्रैक्टर में करीब 20 लोग थे, इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है।

# लखनऊ के 4 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

लखनऊ। लखनऊ के 4 स्कूलों में सोमवार सुबह ई-मेल भेजकर बम होने धमकी दी गई। इनमें गोमतीनगर के विबग्योर, सेंट मैरी, पीजीआई और आलमबाग के एलपीएस स्कूल शामिल हैं।

सूचना से स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी। बच्चों को कैंपस से बाहर निकाल दिया। पैरेंट्स को मैसेज भेजकर बच्चों को तुरंत घर ले जाने के लिए कह दिया।

डीसीपी ईस्ट का कहना है कि बम से उड़ाने की धमकी लखनऊ के तीन नहीं, चार स्कूलों दो दी गई थी। ये स्कूल थाना पीजीआई, आलमबाग, गोमतीनगर और विभूतिखंड अंतर्गत आते हैं।

सभी जगहों की जांच की गई। किसी भी तरह का संदिग्ध सामान अभी तक मिला है। सभी धमकी एक ही मेल आईडी आई हैं। साइबर एक्सपर्ट्स, एटीएस और पुलिस टीम जांच में जुटी हैं। एनआईए से भी सहयोगा मांगा है।

### अचानक मैसेज देख घबराए परिजन

पैरेंट्स आदित्य राज सिंह ने बताया सुबह बच्चे को स्कूल भेजा था। 1 घंटे बाद अचानक वॉट्सऐप पर मैसेज आ जाया। लिखा था कि सभी पेरेंट्स स्कूल आ जाएं और अपने-अपने बच्चों को जल्द से जल्द घर ले जाएं। कोई वजह नहीं लिखी थी, इसलिए थोड़ी घबराहट हुई। स्कूल पहुंचे तो काफी भीड़ थी। भगदड़ मची हुई थी। सभी बम होने की बात कर रहे थे।

# लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में यूपी में 58 फीसदी मतदान

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश में 13 निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच औसतन 58.09 प्रतिशत मतदान हुआ।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने सोमवार शाम पत्रकारों को बताया कि शाम छह बजे तक 13 जिलों के 58 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चौथे चरण में कन्नौज संसदीय क्षेत्र में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक से था जबकि लखीमपुर खीरी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के रुप में भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर है। चौथे चरण में कुल 130 प्रत्याशियों की किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गयी। मतगणना चार जून को होगी।




रिनवा ने बताया कि शाम छह बजे में शाहजहाँपुर (सु) में 53.24 प्रतिशत, खीरी में 64.73 प्रतिशत, धौरहरा में 64.45 प्रतिशत, सीतापुर में 61.91 प्रतिशत, हरदोई (सु) में 57.57 प्रतिशत, मिश्रिख (सु) में 55.79 प्रतिशत, उन्नाव में 55.44 प्रतिशत, फर्रूखाबाद में 58.97 प्रतिशत, इटावा (सु) में 56.38 प्रतिशत, कन्नौज में 61 प्रतिशत, कानपुर में 53.06 प्रतिशत, अकबरपुर में 57.66 प्रतिशत और बहराइच (सु) में 57.45 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इसके अलावा ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में 53.31 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। चौथे चरण में शाहजहाँपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, एटा, फर्रूखाबाद, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज तथा बहराइच जिलों में वोट डाले गये। मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाये रखे जाने के उद्देश्य से 14 हजार 126 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा 5420 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी।

## टैंकर से टकराई कार, तीन की मौत

मुरादाबाद। मुरादाबाद में आगरा स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार कार टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे युवक ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसा बंदर को बचाने के चक्कर में हुआ था। मरने वालों में एक्सिस बैंक के मैनेजर भी शामिल हैं। सौरभ श्रीवास्तव मुरादाबाद के टीडीआई सिटी कालोनी में रहते थे। सोमवार सुबह करीब 9 बजे अपनी ईको स्पोर्ट्स कार से चंदौसी जाने के लिए निकले थे। उनके साथ में दो अन्य साथी भी थे। अभी वो मुरादाबाद से महज 6-7 किमी ही निकले थे कि कुंदरकी थाना क्षेत्र में डोमघर पहुंचने पर उनकी कार के सामने अचानक एक बंदर आ गया। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उन्होंने बंदर को बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान कार टैंकर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाडियां बुरी तरह से डैमेज हो गई। कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थोड़ी देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## डीआईजी ने शहर कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त कर जाना सुरक्षा व्यवस्था का हाल



**ललितपुर।** झाँसी मण्डलायुक्त झाँसी विमल कुमार दुबे व पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 तथा VVIP कार्यक्रमों व आयोजनों के दृष्टिगत जनपद झाँसी के थाना कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीगेट, बड़ाबाजार व दतिया गेट क्षेत्र में भ्रमण एवं पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । जनपद झाँसी के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के व्यस्ततम बाजार, लक्ष्मीगेट, बड़ाबाजार दतिया गेट क्षेत्र में भ्रमण एवं पैदल गस्त कर आमजनमानस एवं व्यापारियों से सम्पर्क कर सुरक्षा व्यवस्था का जाएजा लिया गया। डीआईजी झाँसी द्वारा शहर के संवेदनशील स्थानों, व्यस्ततम बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर थाना पुलिस द्वारा निरन्तर संदिग्ध वाहन एवं वस्तुओं की चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये गए। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व वीवीआईवी कार्यक्रमों के दृष्टिगत वीवीआईपी आगमन के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्थाए यातायात व्यवस्था आदि तैयारियों को पूर्ण रखने के निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त झॉसी व पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी महोदय के साथ जिलाधिकारी झाँसी अविनाश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी राजेश एस0, अपर पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। मौके पर उचित दिशा निर्देश दिये गये।

## रूस के बेलगोरोद में इमारत के ढहने से 13 लोगों की हुई मौत



मॉस्को। रूस के बेलगोरोद में एक इमारत के आंशिक रूप से ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है और 20 अन्य लोग घायल हुए हैं। रुसी प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन की ओर से हो रही गोलाबारी घटना के लिए जिम्मेदार है। बचावकर्मी इमारत की क्षतिग्रस्त सीढ़ियों के बीच जीवित लोगों की तलाश करते हुए दिख रहे हैं, लेकिन जैसे ही छत का एक हिस्सा गिरा वे घटनास्थल से चले गए। रूस के आपातकालीन सेवा मंत्रालय ने बताया कि मलबे से अब तक 13 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। देश की शीर्ष कानून प्रवर्तन एजेंसी रूसी जांच समिति ने बताया कि 10 मंजिला इमारत यूक्रेन की ओर से की गई गोलाबारी के कारण ढही। रूसी रक्षा मंत्रालय के पोस्ट में कहा गया कि वायुसेना ने बेलगोरोद क्षेत्र में कई रॉकेट को विफल कर दिया, साथ ही दो ड्रोन भी मार गिराए। इसके साथ ही पूरे बेलगोरोद में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने बताया कि शहर में आग लगने की घटना भी सामने आई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। मई 2023 से पश्चिमी रूस के शहरों पर लगातार ड्रोन हमले हो रहे हैं, जिसके लिए रूसी अधिकारियों ने कीव को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, यूक्रेनी अधिकारी कभी रूसी क्षेत्र या क्रीमिया प्रायद्वीप पर हमलों की जिम्मेदारी नहीं लेते।

## फ्लाइट में ही सेक्स करने लगा कपल, यात्रियों ने वीडियो बनाया और हंगामा किया


लंदन। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में एक बेशर्म कपल सभी यात्रियों और बच्चों के सामने ही सेक्स करने लगा। लोगों उसका विरोध किया तो हंगामा शुरु हो गया। कई लोगों इसका वीडियो भी बना लिया। लंदन हीथ्रो से डबलिन के लिए फ्लाइट रवाना हुई थी। इसमें मौजूद एक कपल करीब 20 मिनट तक एक-दूसरे को अश्लील तरीके से छूता रहा। 26 वर्षीय फैरा भी उसी फ्लाइट में थीं। उन्होंने बातचीत में बताया, मैं बोलते समय हर बार अपने भाई की तरफ देख रही थी और तब मैंने दूसरी तरफ की सीटों पर हरकतें देखीं।उन्होंने कहा, एकदम स्पष्ट था। लड़की फ्लाइट में 15 से 20 मिनट तक लड़के साथ अश्लील हरकतें कर रही थी। उन्होंने आगे बताया, वे इन गतिविधियों में लगे रहे, जो कि बहुत हैरान करने वाला था, क्योंकि फ्लाइट में बच्चे भी मौजूद थे। एक बच्चा वहां भाग रहा था, जो ये सब देख सकता था। जब उन्हें सीट बेल्ट लगाने के लिए कहा गया, तो जाहिर तौर पर उसने कपड़े ठीक किए। वो सब बहुत घिनौना था।खबर है कि फैरा ने इस मामले का वीडियो भी बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, उन लोगों ने खुद को स्कार्फ से ढक लिया था, लेकिन सब समझ रहा था कि क्या हो रहा है...। जब मैंने इस बात पर गौर किया, तो हमारी उड़ान 38 मिनट की बची थी। भाई के साथ सीट पर बैठकर इस तरह की चीजों का गवाह बनना वो सब बहुत शर्मिंदा करने वाला था।ब्रिटिश एयरवेज के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारे केबिन क्रू को उड़ान के दौरान के दौरान किसी परेशानी के बारे में नहीं बताया गया। अगर उन्हें जानकारी दी गई होती, तो उन लोगों ने इससे निपटने के लिए जरूरी कदम उठाए होते।

## हीरे से बना ग्रह मिला- धरती से दो गुना बड़ा और 9 गुना भारी है सुपर अर्थ

वॉशिंगटन। अंतहीन है अंतरिक्ष की कहावत एक बार फिर सही सावित हो गई है। नासा के वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ग्रह की खोज की है जो हीरे से बना हुआ है। इसकी वजन धरती से 9 गुना ज्यादा और आकार दो गुना है। नासा ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का उपयोग करते हुए एक ऐसा एक्सोप्लैनेट ढूंढा है, जो हीरे से बना हुआ है। इसकी चौड़ाई पृथ्वी से लगभग दोगुनी है और वजन हमारे ग्रह से लगभग नौ गुना अधिक। रिसर्च टीम के सदस्?य और कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रिसर्चर रेन्यू हू ने कहा, हमने इस चट्टानी ग्रह का थर्मल उत्?सर्जन मापा। संकेत मिलते हैं कि इसमें पर्याप्त वातावरण है। यह शायद 55 कैनरी ई के चट्टानी आंतरिक भाग से निकलने वाली गैसों की वजह से है। इसके बारे में जानना काफी रोमांचक है। 55 कैनक्री ई को 2004 में तलाशा गया था। मूल रूप से जैनसेन नाम से जाना जाने वाला यह विश्व का पहला सुपर-अर्थ था जो दूर के मुख्य अनुक्रम तारे की परिक्रमा कर रहा था। यानी एक तारा जो अभी भी अपने मूल में हाइड्रोजन को हीलियम में परिवर्तित कर रहा है। नासा की ओर से शेयर की गई जानकारी के मुताबिक, इस ग्रह को 55 कैनरी ई के नाम से जाना जाता है। यह हमारे सौर मंडल से लगभग 41 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। खगोलविदों का मानना है कि यह ग्रह गर्म लावा से ढंका हुआ है और यह तब हुआ जब इसके तारे ने अपना पहला वातावरण नष्ट कर दिया था। माना जाता है कि यह ग्रह पूरी तरह हीरे से बना हुआ है। वैज्ञानिकों ने इसे सुपर अर्थ के रूप में वर्गीकृत किया है। सुपर अर्थ उन्हें कहते हैं जो धरती से विशाल होते हैं, लेकिन नेप्च्यून और यूरेनस जैसे ग्रहों की तुलना में हल्के होते हैं।यह एक्सोप्लैनेट काफी घना है। इसलिए खगोलविदों का अनुमान है कि यह कार्बन से बना हुआ है, जिसमें हीरे छिपे हुए हैं। यह ग्रह भी सूर्य की तरह एक तारे 55 कैनक्री ए से 2.3 मिलियन किलोमीटर दूर है। यह दूरी धरती और सूर्य के बीच की दूरी का 0.01544 गुना है. यह लगभग 17 घंटों में अपने तारे की परिक्रमा कर लेता है। इसकी गर्म सतह का तापमान लगभग 2,400 डिग्री सेल्सियस है। नए शोध से संकेत मिलता है कि इस ग्रह के चारों ओर गैसों की एक मोटी परत है। यानी इसने दूसरा वातावरण विकसित कर लिया है। हालांकि, वैज्ञानिक यह नहीं जान पाए कि ये कैसे हुआ?

## अगली महामारी एक मानसिक स्वास्थ्य संकट होगी, डब्ल्यूएचओ के बड़े अधिकारी ने दी चेतावनी

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक शीर्ष अधिकारी का दावा है कि कोरोना वायरस के बाद अगली महामारी नजदीक है। लेकिन उन्होंने इसकी वजह किसी वायरस या रोग को नहीं बताया। यह भी दावा किया है कि हालात पहले ही बेकाबू हो चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोप के क्षेत्रीय निदेशक हंस क्लूज ने इस सप्ताह की शुरुआत में बयान दिया था, लेकिन यह कोई वायरस या बीमारी नहीं है



जो इसका कारण बनेगी। उन्होंने दावा किया कि अगली महामारी एक मानसिक स्वास्थ्य संकट होगी, और इसे पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया कि दुनिया 'स्थायी-संकट' की स्थिति में है। उन्होंने बताया कि कई युद्ध, पिछली महामारी और प्रत्येक देश के अपने आंतरिक मुद्दे, और निश्चित रूप से, जलवायु परिवर्तन, सभी एक मानसिक स्वास्थ्य महामारी का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, फ्रयूरोपीय संघ के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि यूरोपीय संघ में छह में से एक व्यक्ति को कुछ परेशानी, चिंता और नींद की समस्या है। युवा वर्ग जलवायु को लेकर चिंतित है। वे जानते हैं कि दुनिया हर जगह गर्म हो रही है। रूस और यूक्रेन तथा इजराइल और गाजा के बीच युद्ध चल रहे हैं।' लोग उसमें व्यस्त हैं। हम उस स्थिति में रह रहे हैं जिसे मैं स्थायी-संकट' कहता हूं। एक संकट स्थायी है और लोगों के लिए, यह मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं (जिन्हें) मैं अगली महामारी कहता हूं। हम आबादी के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे दावा किया कि दुनिया को तत्काल 'शांति' की आवश्यकता है और यह ''सबसे महत्वपूर्ण दवा' है।



दक्षिण कोरिया में बौद्ध धर्म के लोग कमल के आकार वाली लालटेन लेकर भगवान बुद्ध के जन्मदिन से पहले एक समारोह में भाग लेते हुए।

## यूक्रेन से युद्ध के बीच पुतिन ने अपने रक्षा मंत्री को हटाया

मॉस्को। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु को हटा दिया है। उन्होंने आंद्रेई बेलेसाउ को नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। बेलेसाउ रूस के उपप्रधानमंत्री रह चुके हैं। बताया गया कि पुतिन ने शर्गेई शोइगु को रक्षा मंत्री पद से इसलिए मुक्त किया क्योंकि वह उन्हें शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का सचिव नियुक्त करना चाहते हैं। फिलहाल निकोलाई पात्रुशेव इस पद को संभाल रहे हैं। युद्ध के बीच रक्षा उद्योग की समस्याओं को संभालने के लिए पुतिन को सर्गेई शोइगु पर ज्यादा विश्वास है। वह पुतिन के पुराने करीबी माने जाते हैं। बता दें कि शोइगु को जो नई भूमिका दी गई है वह



रक्षा मंत्री से भी पद में बड़ी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने बताया कि 1980 में सोविय यूनियन का जो हाल हुआ था उसे देखते हुए ये परिवर्तन सही हैं। उस समस सेना और अन्य सुरक्षाबलों पर देश का 7.4 पर्सेंट खर्च होता था। ऐसे में पुतिन चाहते हैं कि कोई आर्थिक समझ रखने वाला व्यक्ति रक्षा मंत्रालय का पदभार संभाले और ज्यादा खर्च को कम करने में मदद करे। पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुन- देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है।

## भारत-ईरान के बीच साइन हुआ चाबहार पोर्ट समझौता, साउथ एशिया से सेंट्रल एशिया के बीच खुल गया ट्रेड का नया रुट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। भारत और ईरान के बीच चाबहार के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के सामान्य कार्गो और कंटेनर टर्मिनलों के उपकरण और संचालन के लिए अनुबंध के हस्ताक्षर समारोह में ईरान के सड़क और शहरी विकास मंत्री सोनोवाल और मेहरदाद बजरपाश उपस्थित रहे। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 23 मई, 2016 को शुरू हुआ महत्वपूर्ण समझौता आज एक दीर्घकालिक अनुबंध में परिणत हो रहा है, जो भारत और भारत के बीच स्थायी विश्वास और निर्भर साझेदारी का प्रतीक है। आज हमने शाहिद-बेहिश्ती पोर्ट टर्मिनल के संचालन के लिए दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर होते देखा।



आईपीजीएल बंदरगाह को सुसज्जित करने में लगभग 120 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश करेगा। भारत ने चाबहार से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से पहचानी गई परियोजनाओं के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आईएन क्रेडिट विंडो की भी पेशकश की है। चाबहार बंदरगाह एक भारत-ईरान फ्लैगशिप परियोजना है जो अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण पारगमन बंदरगाह के रूप में कार्य करती है, जो भूमि से घिरे हुए देश हैं। चाबहार बंदरगाह के विकास और संचालन में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी रहा है।

भारत क्षेत्रीय व्यापार खासकर अफगानिस्तान से संपर्क बढ़ाने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है। यह बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) परियोजना के एक प्रमुख केंद्र के तौर पर पेश किया गया है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ईरान के साथ संपर्क परियोजनाओं पर भारत की अहमियत को रेखांकित करते हुए 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।

## पीओके में सरकार के खिलाफ मोर्चा... क्या 2024 में 1971 जैसा इतिहास दोहराया जाएगा

### -लोगों ने पुलिसवालों को पीटा, कपड़े उतार दिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तानी हुकूमत ने पोओके पर कब्जा करके रखा है। लेकिन वहां के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। अब पाकिस्तान के इसी सौतेले व्यवहार के कारण पीओके पाकिस्तान के हाथ से जा सकता है। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या पाकिस्तान के साथ 2024 में 1971 जैसा इतिहास दोहराया जाएगा। दरअसल, पीओके से जैसी तस्वीरें सामने आ रही है उससे कयास लगाए जा रहे हैं कि 53 साल पहले की कुछ यादों को ताजा कर रहे हैं। 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में पूरी सेना को सरेंडर करना पड़ा था। तब पाकिस्तान से टूटकर बांग्लादेश बना था।

अब पीओके में शहबाज की पुलिस को कपड़े उतारने पड़े हैं। वहां की जनता ने विद्रोह कर दिया है। पाकिस्तानी सरकार के अत्याचार के खिलाफ पाकिस्तान की जनता सड़कों पर उतर आई है। वहां अब शाहबाज सरकार की पुलिस को अपनी जान बचाने के लिए सड़कों पर भागना पड़ रहा है। लोग पुलिसवालों की पिटाई कर रहे हैं। उनके कपड़े भी उतरवा रहे हैं। पीओके में बगावत से पूरे पाकिस्तान में टेंशन है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को आपात बैठक बुलानी पड़ी। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भी पीओके के हालात पर चिंता जाहिर की है। पाकिस्तानी जनरल आसिम मुनीर ने पीओके में सेना ही भेज दी है।

पीओके की जनता पुलिस को भगा ही चुकी है। सेना के साथ भी ऐसा कुछ नजारा देखने को मिल सकता है। ऐसा लग रहा है मानो बरसों का अत्याचार सहने वाली पीओके की जनता अब अंतिम लड़ाई के मूड में आ गई है। पाकिस्तानी हुकूमत पीओके के साथ जैसा दोयम दर्जे का व्यवहार करती आई है, अब पीओके उस बर्दास्त नहीं करने वाला।

## पृथ्वी से भयंकर सौर तूफान टकराने की आशंका

### -पूरी दुनिया में छाएगा अंधेरा, एयरलाइंस के लिए चेतावनी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** चालू सप्ताह के अंत में पृथ्वी से एक भयंकर सौर तूफान के टकराने की आशंका जताई जा रही है। यह जनवरी 2005 के बाद से अपनी तरह का पहला तूफान है, जो दुनिया भर में ब्लैकआउट, नेविगेशन सिस्टम में व्यवधान और हाई फ्रीक्वेंसी का रेडियो वेव के टकराने का खतरा पैदा करेगा।

अमेरिकी अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने इसके लिए गंभीर (जी4) जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म वॉच जारी किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के बीच ट्रांस-पोलर क्षेत्र में उड़ान भरने वाली सभी उड़ानों को फिर से री-रूट किया जाएगा ताकि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को विकिरण जोखिम से बचाया जा सके। स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर ने बाताया कि इस प्रकार की घटना बेहद दुर्लभ होती हैं।सूर्य के वायुमंडल से पांच विस्फोट की भविष्यवाणी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, तूफान की असली ताकत पृथ्वी से टकराने से लगभग 60 से 90 मिनट पहले पता चलेगी क्योंकि सैटेलाइट निकलने वाली ऊर्जा के विस्फोट को मापते हैं। कोरोनल मास इजेक्शन, या सीएमई, सूर्य की सतह पर होने वाली विस्फोटक घटनाएं हैं। इनमें सूर्य के कोरोना से प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र का विस्फोट होता है। जब ये कोरोनल मास इजेक्शन पृथ्वी की ओर निर्देशित होते हैं, तो वे भू-चुंबकीय तूफान उत्पन्न कर सकते हैं।

धरती पर इंसानों को पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से सुरक्षा मिल जाता है। लेकिन, बिजली के ग्रिडों को खतरा रहता है, पाइपलाइनें करंट से चार्ज हो सकती हैं, और अंतरिक्ष यान अपने रास्ते से भटक सकते है। पिछली बार अक्टूबर 2003 में पृथ्वी पर जी5 तूफ़ान आया था- जो पैमाने पर सबसे भयानक था। इसके परिणामस्वरूप स्वीडन में बिजली गुल हो गई और दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा था।इस तरह के तूफान पृथ्वी की कक्षा और ग्रह की सतह दोनों पर विभिन्न प्रणालियों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इससे संचार, विद्युत पावर ग्रिड, नेविगेशन, रेडियो और उपग्रह संचालन में व्यवधान की संभावना रहती है।

## डूबते मालदीव को भारत का सहारा, चीन प्रेम के बावजूद दिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर

**कुवैत (एजेंसी)।** भारत सरकार ने सद्भावना दिखाते हुए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर के अनुरोध पर एक अतिरिक्त वर्ष के लिए 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में मालदीव सरकार को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता प्रदान की। भारतीय उच्चायोग ने घोषणा की कि भारतीय स्टेट बैंक ने एक और वर्ष के लिए 50 मिलियन का ट्रेजरी बिल प्रदान करने का निर्णय लिया है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा, भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को पिछली सदस्यता की परिपक्वता पर एक और वर्ष के लिए सदस्यता दी है। चीन समर्थक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जूके छह महीने पहले पदभार संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों में तनाव के बावजूद ऐसा हुआ। ये सरकारी ट्रेजरी बिल एसबीआई द्वारा मालदीव सरकार को शून्य लागत (ब्याज मुक्त) पर एक अद्वितीय सरकार-से-सरकार व्यवस्था के तहत सदस्यता दी जाती है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार से बजटीय समर्थन हासिल करने के लिए मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर सदस्यता जारी रखी गई है।



### मालदीव के विदेश मंत्री ने भारत को धन्यवाद दिया

ज़मीर ने बजट समर्थन बढ़ाने के लिए भारत को धन्यवाद दिया और इसे सद्भावना का सच्चा संकेत बताया जो दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती का प्रतीक है। उन्होंने एक्स पर कहा कि मैं 50 मिलियन अमरीकी डालर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के साथ मालदीव को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता देने के लिए ईएएम जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। यह सद्भावना का एक सच्चा संकेत है जो मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक दोस्ती का प्रतीक है। मालदीव सरकार उस उदार समर्थन की अत्यधिक सराहना करती है जो भारत सरकार मालदीव को बजटीय सहायता के रूप में प्रदान कर रही है। सरकार की सहायता से बड़ी संख्या में बुनियादी ढांचागत विकास परियोजनाएं और उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाएं चल रही हैं।

### भारत-मालदीव संबंधों में तनाव

नवंबर में राष्ट्रपति मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट आई है और उन्होंने तुरंत भारत से 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को देश से वापस लेने के लिए कहा है। भारतीय सैन्य कर्मी द्वीप राष्ट्र में तीन विमानन प्लेटफार्मों का संचालन कर रहे थे।

## अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ ने मचाई तबाही, 300 लोग मारे गए, अब महामारी का खतरा

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में हाल ही में अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। यहां तीन सौल लोगों की मौत हो गई जबकि सैकड़ों घर मलबे का ढेर बन गए। राहत एवं बचाव कार्य जारी है लेकिन महामारी का संकट होने की आशंका जताई जा रही है। भारी बारिश के बाद गांवों और कृषि भूमि में नदियों का पानी आने के बाद आपातकाल की स्तिथि की घोषणा की गई। अफगानिस्तान से आए फुटेज में देखा जा सकता है कि सड़कों पर पानी की तेज धार है। बच्चे रो रहे हैं और लोगों का एक समूह बाढ़ से अपने घरों को तबाह होता हुआ देख रहा है। हवाई तस्वीरों में दिख रहा है कि कच्चे मकान पानी में डूब गए हैं। सिर्फ उनकी छतें दिख रही हैं।पड़ोसी तखर प्रांत में, सरकारी स्वामित्व वाले मीडिया संस्थानों ने बाढ़ से कम से कम 20 लोगों की मौत होने की खबर दी है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, इस विनाशकारी बाढ़ में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है और काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं।

मुजाहिद ने बदख्शां, बगलान, घोर और हेरात प्रांतों को सबसे ज्यादा प्रभावित बताया। उन्होंने कहा कि व्यापक तबाही के परिणामस्वरूप काफी वित्तीय नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को बचाने, घायलों को उपचार के लिए ले जाने और शवों को निकालने के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटाने का आदेश दिया है। तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि देश की वायुसेना ने पहले ही बगलान में लोगों को निकालना शुरू कर दिया है और बड़ी संख्या में बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को बचाया है और 100 घायलों को क्षेत्र के सैन्य अस्पतालों में पहुंचाया है। अफगानिस्तान में कृषि भूमि तबाह हुई है। इसी तरह की तबाही ब्राजील में भी देखने को मिली है, जहां भारी बारिश से ग्रांडे डो सुल में ऐतिहासिक बाढ़ देखने को मिली। इससे मरने वालों की संख्या 126 हो गई। ब्राजील के सबसे दक्षिणी राज्य में तूफान और बाढ़ की मार पड़ी है, जिससे 34,000 लोग विस्थापित हो गए। 141 लोग लापता हैं। ब्राजील से आई तस्वीरों में देखा गया विनाशकारी बाढ़ के कारण फुटबॉल स्टेडियम और एयरपोर्ट डूब गए। दुबई में भी पिछले महीने आई बाढ़ से 1 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।वहीं संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने शनिवार को कहा कि 1,000 से अधिक घर नष्ट हो गए। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि वह पिछले कुछ हफ्तों में अफगानिस्तान में आई बाढ़



पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित कर रहा है। ज्यादातर पीड़ित उत्तरी प्रांत बगलान में हैं, जहां शुक्रवार को बाढ़ आई है।

# आईपीएल 2024: प्लेऑफ के लिए निर्णायक मुकाबले में पूरी ताकत लगा देगी दिल्ली और लखनऊ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच अहम मुकाबला होगा। इस मैच में हारने वाली टीम प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। ऐसे में इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स का काम केवल जीत से ही नहीं चलेगा। उसे बड़ी जीत दर्ज करनी होगी क्योंकि उसका रन रेट कम है।

दोनो ही टीमों के अभी बराबर-बराबर 12-12 अंक हैं। दिल्ली की टीम के लिए राहत की बात ये रहेगी कि उसे अपने घरेलू मैदान पर खेलना है। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज असफल रहे थे। वहीं उसका क्षेत्ररक्षण भी खराब रहा था। टीम ने कई कैच छोड़े थे। इससे भी टीम दबाव में रहेगी।

वहीं दूसरी और लखनऊ की राह भी आसान नहीं है। कप्तान के एल राहुल के अलावा क्विंटन डिकॉक की खराब फॉर्म से भी टीम की मुश्किलें बढ़ी हैं। टीम को इस सत्र में पावर प्ले में भी मुश्किलें हुई हैं। ऐसे में मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन को रन बनाने होंगे। पूरन और आयुष बडोनी पिछले मैच में टीम को बेहतर स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे थे पर गेंदबाज असफल रहे थे। ऐसे में इस मैच में रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान को बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। बल्लेबाजी में दीपक हुडा, एश्टन टर्नर के अलावा क्रुणाल पंड्या को भी अपना योगदान देना होगा।

टीम को तेज गेंदबाज मयंक यादव के बाहर होने से भी नुकसान हुआ है क्योंकि यश ठाकुर और नवीन उल हक बेहतर गेंदबाजी नहीं कर पा रहे। इसके अलावा मोहसिन खान भी चोट के कारण पिछले मैच से बाहर थे। कृणाल पंड्या और रवि बिश्नोई की स्पिन जोड़ी भी सनराइजर्स के खिलाफ असफल रही थी।

वहीं दिल्ली की टीम को एक मैच के निलंबन के बाद वापसी कर रहे कप्तान ऋषभ पंत के आने से लाभ होगा। इसके अलावा टीम को सुपर जाइंट्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा क्योंकि टीम ने आरसीबी के खिलाफ कई कैच छोड़े हैं। इसके अलावा




उसके गेंदबाजों ने भी आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में जमकर रन दिये। वहीं बल्लेबाजी के दौरान उसकी टीम विफल रही। उसने पावर पले में चार ओवर के अंदर ही चार विकेट खो दिए।

दिल्ली को बल्लेबाजी में युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कप्तान ऋषभ पंत के अलावा अभिषेक पोरेल से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी और वह ये सिलसिला बरकरार रखना चाहेंगे। गेंदबाजी में स्पिनर कुलदीप यादव को लखनऊ के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा।

दिल्ली कैपिटल्स का रन रेट चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तुलना में काफी कम है। कुछ परिणाम टीम के पक्ष में जाते हैं तो वह क्वालिफाई कर सकती है।

### टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** = केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, एश्टन टर्नर, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान, यश ठाकुर, अर्शिन कुलकर्णी, युद्धवीर सिंह, दीपक हुडा, निकोलस पूरन।

----------------

**दिल्ली कैपिटल्स**= ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# कोच्चि टस्कर्स ने कई क्रिकेटरों के पैसे नहीं दिये : श्रीसंत



**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत ने कहा है कि आईपीएल में साल 2011 में उन्होंने एक टीम कोच्चि टस्कर्स से खेला था पर उसके पैसे आज तक उन्हें नहीं मिले हैं। श्रीसंत के अनुसार 2011 के बाद टीम को आईपीएल से हटा दिया गया था। श्रीसंत ने कहा कि उनके अलावा कई और खिलाड़ियों को अभी तक इस टीम से खेलने के पैसे नहीं मिले हैं।

श्रीसंत ने कहा, कोच्चि टस्कर्स ने मेरे अलावा श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन, महेल जयवर्धने, ब्रेंडन मैक्कलम के भी पैसे नहीं दिये थे। साथ ही कहा कि रवींद्र जडेजा भी उस टीम में शामिल थे। ये टीम तीन साल तक खेलनी थी लेकिन एक साल बाद ही बाहर हो गई। मुझे लगता है कि इस मामले पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया है। साथ ही कहा कि फ्रेंचाइजी की तरफ से पैसे लौटाने के लिए कई बार वादे किए गए हैं। मगर अबतक उन्होंने पैसे नहीं लौटाए हैं। इस मामले में उन्हें दूर-दूर तक सहायता की उम्मीद भी नजर नहीं आ रही है।

श्रीसंत ने ये भी कहा कि उन्होंने बचपन से क्रिकेट में नस्लीय ताने सुने। उन्होंने कहा कि जब वह अंडर-14 खेल रहे थे तभी से उनको नस्लीय ताने मिल रहे थे। श्रीसंत ने साल 2005 में भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारुपों को मिलाकर 90 मैच खेले और 169 विकेट लिए। वह साल 2011 में वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा थे। श्रीसंत का करियर मैच फिक्सिंग में फंसने के बाद प्रतिबंधित होने के कारण समाप्त हो गया था।

# टी20 विश्वकप से पहले रोहित और हार्दिक के खराब फार्म पर इरफान पठान ने उठाये सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के खराब फार्म पर सवाल उठाये हैं। पठान ने कहा है कि अगले माह टी20 विश्वकप होना है और आईपीएल में रोहित और हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ये दोनो ही फार्म से बाहर है। पठान का मानना है कि अगर ये दोनों अपने फॉर्म में वापस नहीं आ पाए तो टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की परेशानी बढ़ जाएगी।

इरफान ने इसी को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा, पंड्या और रोहित की फॉर्म भारतीय टीम के लिए बड़ी चिंता का कारण है। उम्मीद है कि वह शीघ्र ही फॉर्म में वापस आ जायेंगे। इस आईपीएल सत्र में रोहित ने केवल एक शतक लगाने में सफलता हासिल की है पर इसके बाद से उनकी बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही है। वहीं, हार्दिक भी आईपीएल में प्रभावित नहीं कर पाये। रोहित ने 29.08 की औसत के साथ 349 रन बनाए हैं जबकि हार्दिक ने 13 मैच में 200 रन बल्ले से बनाए हैं। इसके अलावा गेंदबाजी में भी हार्दिक केवल 11 विकेट ही ले पाये है। टी20 कप को लेकर इन दोनो ही अहम खिलाड़ियों के खराब फार्म से प्रशंसक भी परेशान हैं हालांकि टीम प्रबंधन का मानना है कि से दोनो ही खिलाड़ी अपनी लय हासिल कर लेंगे।

# प्लेऑफ के लिए संघर्ष कर रही छह टीमें

### -अंक बराबर हुए तो बेहतर रनरेट वाली टीम को मिलेगा अवसर



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में अब तक केवल एक टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की जगह प्लेऑफ में पक्की हुई है। वहीं तीन टीमें बाहर हो गयी हैं जबकि छह टीमें अब भी प्लेऑफ के लिए संघर्ष कर रही हैं। इन टीमों में राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपरकिंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स जैसी टीमें हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स की राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से भी समीकरण बदले हैं। अब कोलकाता नाइटराइडर्स 9 मैच जीतकर 18 अंक लेकर तालिका में पहले नंबर पर पहुंच गयी है। ऐसे में उसका प्लेऑफ में खेलना तय नजर आता है। अब उसका लक्ष्य शीर्ष-2 में जगह बनाना रहेगा।

वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम सीएसके से हार के बाद भी अंकतालिका में दूसरे नंबर पर बरकरार है। उसका रनरेट 0.349 है। उसके अब दो मैच बचे हैं। अगर वह एक भी जीतती है तो 18 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। अगर वह दोनों मैच हार जाए तो ही कुछ उलटफेर हो सकता है। अभी चेन्नई, हैदराबाद और लखनऊ की टीमें 16 अंक तक पहुंच सकती हैं। यदि ऐसा हुआ तो राजस्थान, चेन्नई, हैदराबाद और लखनऊ में से कोई तीन टीम ही आगे बढ़ेगी। इन टीमों का फैसला तब नेटरनरेट के आधार पर होगा। रॉयल्स के लिए राहत की बात यह है कि उसका रनरेट पॉजिटिव है, जबकि लखनऊ और दिल्ली का निगेटिव। ऐसे में वह 16 अंक के साथ भी प्लेऑफ में जगह बना सकती है।

वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की राह कठिन है। अगर वह अपना अंतिम मैच जीती तो 16 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। वहीं अगर सीएसके अपना आखिरी मैच हारती है तो उसकी उम्मीदें समाप्त होंगी क्योंकि सीएसके के अलावा हैदराबाद (एसआरएच) के भी 14 अंक ही है। सीएसके चेन्नई हारी तो बेंगलुरू (आरसीबी) के भी 14 अंक हो जाएंगे। ऐसे में दिल्ली और लखनऊ भी 14 अंक हासिल कर सकते हैं। इन हालातों में नेटरनरेट से प्रभाव पड़ेगा और जिस भी टीम का रनरेट बेहतर होगा वह प्लेऑफ में पहुंच जाएगी।

# डु प्लेसिस ने कहा, अब हमारी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में आयी

बेंगलुरु । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने दिल्ली कैपिटलस के खिलाफ टीम को मिली जीत पर खुशी जतायी है। इस जीत से आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं बरकरार हैं। अब उसे अगले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) से खेलना है। डु प्लेसिस ने दिल्ली के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा किआज हमने अच्छा प्रदर्शन किया जिसके कारण मैं खुश हूं हालांकि सत्र का पहला भाग हमारे लिए अच्छा नहीं था। वहीं अब हमारी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में आ गयी है। फाफ ने कहा कि स्वप्निल सिं ने हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि अब हमारी गेंदबाजी में काफी विविधता आई है। यश दयान का भी प्रदर्शन अच्छा हुआ है। वहीं, गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन के अनुसार



पूरे टूर्नामेंट में टीम ने कड़ी मेहनत की है। यहां तक कि जब हम हार रहे थे, तब भी सब कुछ बहुत समान था, हम अभी भी आनंद ले रहे थे, हम जानते थे कि चीजें जल्द ही सही हो जाएंगी। बल्लेबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, यह सामान्य से थोड़ा अधिक पकड़ बना रहा था। आरसीबी अब 13 मैचों में 7 मुकाबले जीत चुकी है और उनके 12 अंक है।

# कुलदीप मुझे नेट्स में गेंदबाजी नहीं करते : स्टब्स



मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल खेली रहे दक्षिण अफीकी ऑलराउंडर ट्रिस्टन स्टब्स ने कहा है कि कुलदीप यादव उसे नेट्स में गेंदबाजी नहीं करते हैं। स्टब्स ने कहा कि मैंने कई बार उसका सामना करने की कोशिश की है पर वह मुझे गेंदबाजी नहीं करता। वहीं स्टब्स से जब कुलदीप यादव की ट्रेडमार्क रोंग-अन डिलीवरी का सामना करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि बार-बार कहने के बाद भी कुलदीप ने उसे गेंदबाजी करने से इंकार कर दिया। स्टब्स ने साथ ही कहा कि, मुझे लगता है कि वह इसे रहस्य बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। इसलिए मैं उसका सामना करने के प्रयास में सफल नहीं रहा हूं। अपना पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे स्टब्स टी20 विश्व कप के दौरान दक्षिण अफीका की टीमें में शामिल हैं। जब स्टब्स से टी20 विश्व कप की तैयारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, वह अपने को तैयार करने के लिए कुलदीप का सामना करना चाहते हैं पर कुलदीप तैयार नहीं हो रहे हैं। साथ ही कहा कि भारत और दक्षिण अफीका के बीच मुकाबले की स्थिति हो देखते हुए ही शायद कुलदीप उन्हें गेंदबाजी नहीं कर रहे।

# ओलंपिक स्वर्ण जीतना रहेगा लक्ष्य : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए अब काफी कम समय बचा है। ऐसे में अब अभ्यास के लिए हर दिन बेहद महत्वपूर्ण है। इसी कारण अब हमें प्रशिक्षण सत्र के समय का अच्छी प्रकार से इस्तेमाल करना होगा। भारतीय टीम के पास अभी कांस्य पदक है और उसका लक्ष्य इस बार उसके रंग में बदलाव करना रहेगा। हरमनप्रीत ले कहा कि टीम को पिछले माह ऑस्ट्रेलिया दौरे में उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिली। भारतीय टीम को इस दौरे में 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम अभी ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटे हैं। ऐसे में एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक की उल्टी गिनती शुरु हो गयी है। इसी कारण अब टीम जोश से भरी हुई है। उन्होंने कहा, 'स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होने से टीम की एकजुटता लगातार बढ़ी है। वहीं टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने भी तैयारी के लिए एक साप्ताहिक कार्यक्रम तैयार किया है। गौरतल है कि भारतीय टीम ने गत वर्ष एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

वहीं उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि पेरिस खेलों से पहले टीम को अपनी कमजोरियों को ठीक करना होगा। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से हमें उन चीजों के बारे में पता चला जिनमें हमें सुधार करना है। हम अभ्यास शिविर में लौटने के बाद इसपर ध्यान देंगे। हमारा लक्ष्य यह तय करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते हर मामले को हल कर दें।

उन्होंने कहा, 'हम बचे हुए दिनों में से हर दिन में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे जिससे यह तय हो सके कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की हमारी इच्छा पूरी हो। गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक में भारत को पूल बी में गत चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ रखा गया है। इसमें भारतीय टीम अपना अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी।




# भारतीय तीरंदाजों को आगामी पेरिस ओलंपिक में अधिक पदक मिलेंगे : किम



नई दिल्ली । तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि मजबूत तकनीकी अभ्यास के कारण भारत को आगामी पेरिस ओलंपिक में लाभ होगा और उसे ज्यादा स्वर्ण पदक मिलेंगे। किम का मानना है कि विश्व कप में स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को इसमें मिले अनुभवों का लाभ ओलंपिक में दिखेगा हालांकि अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिये एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा को ही मिला है। किम ने भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार में कहा, ''भारतीय रिकर्व टीम ने काफी अच्छा तकनीकी अभ्यास किया है। इससे उन्हें ओलंपिक में अच्छे परिणाम मिलेंगे।'' उन्होंने कहा, ''अभ्यास और तैयारियों में निरंतरता बनाये रखने से ही पेरिस में पदक जीतने की संभावनाएं बढ़ेगी।'' उन्होंने कहा कि रिकर्व तीरंदाज तुर्की के अंताल्या में 14 से 17 जून तक होने वाले अंतिम क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में टीम कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। बोम्मादेवरा ने तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव के साथ गत माह चीन में ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। विश्व भर के 30 देशों में 500 से अधिक तीरंदाजों के कोच रहे किम ने कहा कि भारत के सीनियर तीरंदाज युवाओं की सहायता को तैयार रहते हैं जिसका लाभ भी युवाओं को मिल रहा है, इससे टीम बेहतर होती जाती है।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को दूसरे टी20 मैच में हराया , सीरीज 1-1 से बराबरी पर आई

डबलिन । मोहम्मद रिजवान और फखर जमां की अच्छी बल्लेबाजी से पाकिस्तान ने आयरलैंड को दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में हराकर 3 मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। इस मैच में लक्ष्य का पीछा कतरे हुए पाक टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 13 रन के कुल स्कोर पर अपने दोनों शुरुआती विकेट खो दिये। कप्तान बाबर आजम और युवा ओपनर सैम अयूब भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद रिजवान और फखर ने पारी संभाली। इससे पहले मेजबान आयरलैंड ने 187 रन बनाकर पाक को जीत के लिए 188 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में पाक टीम ने 16.5 ओवर में ही 3 विकेट पर 195 रन बनाए। पाक की आरे से रिजवान ने 46 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन बनाये जबकि फखर जमां ने 40 गेंदों पर 78 रन बनाए जिसमें 6 चौके और 6 छक्के शामिल थे। रिजवान और फखर ने तीसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 140 रन की साझेदारी बनायी। इसके बाद विकेटकीपर आजम खान ने से 10 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाकर पाक को जीत दिलाई। आजम ने अपनी पारी में 4 छक्के और एक चौका लगाया। वहीं इससे लोरकन टकर के अर्धशतक से आयरलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 193 रन बनाए। टकर ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाये।वहीं हैरी टैक्टर 32 रन बनाकर आउट हुए जबकि कुर्तिस कैंफर ने 22 रन बनाये। गेराथ डिलानी 10 गेंदों पर 28 रन बनाकर नाबाद रहे। पाक की ओर से शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए जबकि अब्बास अफरीदी ने 2 विकेट लिए।

# थाईलैंड ओपन : भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सात्विक-चिराग

नई दिल्ली । सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी। सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है। किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करूणाकरण भी एकल वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं जबकि लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू पिछले हफ्ते टूर्नामेंट के ड्रॉ की घोषणा से पहले प्रतियोगिता से हट गए। किरण को पहले दौर में चीन के ऑस्ट्रेलिया ओपन विजेता वेंग होंग यैंग से भिड़ना है जबकि सतीश अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सिंधू की गैरमौजूदगी में महिला एकल में भारत की नजरें अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप पर रहेंगी। अश्मिता को पहले दौर में इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी त्री वारडोयो से भिड़ना है जबकि मालविका को चीन की शीर्ष वरीय हेन युई के खिलाफ खेलना है। आकर्षी का सामना पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबैमरुंगफान से होगा।

# डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन पिता के जुनून के कारण एथलेटिक्स को चुना: ज्योतिका

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य ज्योतिका श्री डांडी बचपन में डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन उन्होंने पिता के सपने को साकार करने के लिए खेलों में करियर बनाने का विकल्प चुना। आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के तनुकु शहर की 23 वर्षीय छात्रा ने अपने गृह नगर के मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई की और दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए।

युवावस्था में बॉडी बिल्डर रहे उनके पिता श्रीनिवास राव ने उन्हें खेलों में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। श्रीनिवास का सपना अपनी बेटी को ओलंपिक में देखने का था जो तीन महीने से भी कम समय में हकीकत में बदलने जा रहा है। ज्योतिका हाल ही में बहामास में आयोजित विश्व रिले में चार गुणा 400 मीटर रिले में ओलंपिक टिकट पक्का करने वाली भारतीय टीम की चौकड़ी का हिस्सा थी।

फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर पहुंची ज्योतिका ने कहा, 'मैंने दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। जब मैं स्कूल में थी तब मैं वास्तव में एक डॉक्टर बनना चाहती थी। मैंने खेल में दिलचस्पी लेने के बाद डॉक्टर बनने के बारे में सोचना छोड़ दिया।' उन्होंने कहा, 'मेरे पिता को लगा कि मुझमें एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने और ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने की प्रतिभा है। उनके त्याग और मुझे एक सफल एथलीट बनाने के जुनून को देखकर मैंने उनके सपनों को पूरा करने का फैसला किया।'

इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैंने उन्हें यह नहीं बताया कि मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं क्योंकि मैं उन्हें खुश देखना चाहती थी। 2017 तक मुझे खेलों में रुचि नहीं थी लेकिन 2020 के आसपास मैंने रुचि लेना शुरू कर दिया था।'' उनकी मां एक गृहिणी हैं और उनकी एक बड़ी बहन है जिसकी हाल ही में शादी हुई है। ज्योतिका ने कहा, 'मेरे पिता युवावस्था में बॉडीबिल्डर थे, लेकिन परिवार से समर्थन न मिलने के कारण उन्होंने बॉडी बिल्डर बनना छोड़ दिया। अब वह एक व्यवसायी हैं। उन्हें खेलों में बहुत रुचि है और उन्होंने मुझे बहुत प्रेरित किया और वह चाहते हैं कि मैं ओलंपिक में भाग लूं।'

ज्योतिका ने कहा, 'उनकी (पिता) वजह से मुझे ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। वह हर चीज का ख्याल रखते हैं। इसलिए, अब मैं ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करते देखने का उनका सपना पूरा करना चाहती हूं।' ज्योतिका का 400 मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 52.73 सेकेंड है। यह सब तब शुरू हुआ जब ज्योतिका ने स्कूल मीट में रेस जीती और तभी उनके पिता को अपनी बेटी की प्रतिभा का एहसास हुआ।

ज्योतिका ने कहा, 'मैं वार्षिक स्कूल खेल प्रतियोगिताओं यहां तक कि क्लबों द्वारा आयोजित 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ में शीर्ष स्थान पर रहती थी। जब मैं सातवीं कक्षा (लगभग 12 वर्ष की उम्र) में थी तब मेरे पिता मुझे स्कूल के 'पीईटी' शिक्षक के पास ले गए। मैं अपने घर के पास एक कॉलेज के मिट्टी वाले मैदान पर दौड़ती थी। जब मैं नौवीं कक्षा (2014) में थी तब मैंने जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू कर दिया था।'

ज्योतिका ने 2014 और 2021 के बीच विजयवाड़ा में भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच विनायक प्रसाद के देखरेख में अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने हैदराबाद में राष्ट्रीय जूनियर टीम के वर्तमान मुख्य कोच रमेश नागपुरी के की देखरेख में एक साल तक अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने 53.05 सेकंड का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्हें राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया गया।




उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के बाद मुझे विश्व स्कूल खेलों और एशियाई युवा चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिला जिसके बाद खेलों में मेरी दिलचस्पी बढ़ती गई। ज्योतिका ने कहा कि भारतीय महिला रिले टीम 2028 ओलंपिक में पदक की उम्मीद कर सकती है। उन्होंने कहा, 'वास्तव में मुझे लगता है कि इस बार पदक जीतना कठिन होगा लेकिन अगर हम कड़ी मेहनत करें तो चार साल (2028 ओलंपिक) के बाद हम पोडियम पर खड़े हो सकते हैं।'

# शेयर बाजारों को गिरने से बचाने विदेशी निवेश के आंकड़े छिपाएगा चीन

**शंघाई ।**

चीन के शेयर बाजारों में होने वाले विदेशी निवेश का लाइव डाटा सोमवार से आनलाइन प्लेटफार्मों पर उपलब्ध नहीं होगा। चीन द्वारा यह फैसला शेयर बाजारों में विदेशी निवेशकों द्वारा की जाने वाली सैलिंग के चलते होने वाली संभावित गिरावट को संभालने के लिए किया है। शंघाई और शेनेजन एक्सचेंजें हांगकांग एक्सचेंज के साथ ट्रेडिंग लिंक्स स्थापित करके चीनी बाजारों में हो रही विदेशी निवेशकों की खरीद और बिकवाली के डाटा को छिपाने जा रही है। हालांकि ये दोनों एक्सचेंजें कारोबारी सत्र बंद होने के बाद पूरे दिन में विदेशी निवेशकों की खरीद और बिकवाली के आंकड़े दिखाएगी और इसके साथ ही 10 सबसे ज्यादा ट्रेड हुए शेयरों के बारे में भी जानकारी देंगी। हालांकि स्टॉक एक्सचेंज के अधिकारियों का कहना है कि यह नियम अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों के मुताबिक किया जा रहा है, लेकिन इसे चीन द्वारा अपने बाजारों में विदेशी निवेशकों की बिकवाली से पड़ने वाले प्रभाव को सीमित करने के एक कदम के रूप में भी देखा जा रहा है। यह खबर बाजार में आने के बाद चीन के बाजारों में तेजी देखी गई है और निवेशक इसे चीनी बाजारों के लिए एक अच्छा फैसला मान रहे हैं। चीन की दोनों एक्सचेंजों ने इस फैसले की घोषणा 12 अप्रैल को की थी, और यह कहा था कि इसे लागू करने और इसके प्रभाव को देखने में कुछ समय लग सकता है। शनिवार को हांगकांग स्टाक एक्सचेंज ने जानकारी दी कि रियल टाइम आंकड़ों को लेकर जानकारी में हो रहे बदलाव को सोमवार को लागू किया जाएगा। चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार है और इसमें फरवरी महीने के बाद से तेजी देखी जा रही है।



# अगले साल जापान को पछाड़ देगी भारत की अर्थव्यवस्था



### - भारत जापान को पीछे छोड़कर बन सकता है दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली ।**

भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ोतरी होती दिखाई दे रही है। अगर उसकी यही रफ्तार रही तो अगले साल तक भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने कहा है कि 2025 वह साल होगा, जब भारत जापान से आगे निकल जाएगा। इन अनुमानों से जापान के लोगों में काफी गुस्सा है। साल 2010 तक जापान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। सिर्फ 15 साल में वह 5वें स्थान पर खिसकने वाला है। एक दशक पहले दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था भारत। अमिताभ कांत ने कहा कि हमें साल 2022 में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। अब जापान की बारी है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड उछाल, नियंत्रित महंगाई और जीडीपी के 8 फीसदी की रफ्तार से आगे जाने के चलते भारत जल्द ही जापान से आगे निकल जाएगा। फिलहाल अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान ही भारत से आगे हैं। एक दशक पहले दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी रहे भारत ने इन 10 सालों में लंबी छलांग लगाई है। फिलहाल भारत की जीडीपी 3.7 ट्रिलियन डॉलर आंकी जा रही है। इंटरनेशनल मोनेट्री फंड (आईएमएफ) ने अप्रैल अंत में अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 4.34 ट्रिलियन अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। यह जापान के 4.31 ट्रिलियन अरब डॉलर से ज्यादा होगी। इससे पहले आईएमएफ ने साल 2026 में भारत के आगे निकलने का अनुमान लगाया था। मगर जापान की मुद्रा येन में कमजोरी के बाद अनुमानों में बदलाव आया है। येन की वैल्यू यूरो की तुलना में 40 फीसदी तक नीचे चली गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अब जापान की अर्थव्यवस्था भारत का मुकाबला नहीं कर पाएगी। जापान एक साल पहले तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। पिछले साल जर्मनी ने उसे पीछे छोड़ दिया और अगले साल अब भारत के भी आगे जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। जापान के लोगों को सबसे बड़ा झटका साल 2020 में लगा था, जब चीन की अर्थव्यवस्था उनसे आगे निकल गई थी।

## तमिलनाडु में अंगूर की पैदावार में भारी गिरावट की आशंका

**चेन्नई ।**

तमिलनाडु के अंगूर किसान इस बार काफी निराश दिखाई दे रहे हैं। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान तेज तापमान के कारण अंगूर की पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। राज्य में अंगूर की दो मुख्य किस्में पन्नीर थिराचाई (मस्कट हैम्बर्ग) और ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर उगाई जाती हैं। थेनी के किसान के. मुनियंदी ने लगभग 10 एकड़ भूमि पर पन्नीर थिराचाई की खेती की है। उनका कहना है कि उच्च तापमान के कारण फसल की पैदावार में भारी गिरावट आएगी। आम तौर पर एक एकड़ में 10-12 टन अंगूर होते हैं। लेकिन तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने के कारण, उपज प्रति एकड़ तीन टन से भी कम होगी। एक एकड़ अंगूर की खेती के लिए किसान को करीब 1.25 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यदि पैदावार प्रति एकड़ तीन टन तक गिर जाए तो किसानों की स्थिति दयनीय हो जाएगी। पन्नीर थिराचाई किसान संघ के एक नेता ने कहा कि हमारे लगभग 90 प्रतिशत किसान कम्बम क्षेत्र में फलों की खेती कर रहे हैं। लू के थपेड़ों ने हमारी जिंदगी तबाह कर दी है। करीब 300 किसान पांच हजार एकड़ भूमि पर खेती कर रहे हैं और हमें भारी नुकसान की आशंका है। उन्होंने यह भी कहा कि उपज आम तौर पर मिलने वाली पैदावार के 80 प्रतिशत से कम होगी। उन्होंने तमिलनाडु कृषि विभाग से उनके नुकसान के लिए मुआवजा देने का आह्वान किया है। ओडैपट्टी बीज रहित अंगूर किसानों की भी यही कहानी है। ओडैपट्टी थेनी जिले का एक क्षेत्र है, जहां लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर बीज रहित अंगूर की खेती की जाती है, जिसमें 200 किसान शामिल हैं।

# आईजीआई के एयरोसिटी में बनेगा सबसे बड़ा मॉल

**नई दिल्ली ।**

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के एयरोसिटी में 2027 तक भारत का सबसे बड़ा मॉल बन जाएगा, जो कि 2.5 बिलियन डॉलर की विशाल विस्तार परियोजना का हिस्सा है, जो अगले पांच वर्षों में देश के पहले एयरोट्रोपोलिस को बदल देगा। एयरोसिटी में पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र मौजूदा 15 लाख वर्ग फुट से बढ़कर 2029 तक एक करोड़ वर्ग फुट से अधिक हो जाएगा, जिसमें दो चरणों में विस्तार होगा। वैश्विक व्यापार जिले को अतिरिक्त 65 लाख वर्ग फुट तक विस्तारित किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ कार्यालयों, खुदरा, खाद्य न्यायालयों और एक मनोरंजन-केंद्रित मेगा मॉल के लिए कुल 1.8 करोड़ वर्ग फुट का पट्टा योग्य क्षेत्र होगा। भारती रियल्टी, जिसने एयरोसिटी विकसित करने के लिए बोली जीती थी, के पास एक पट्टा है जो हवाई अड्डे के विकास और संचालन के लिए डीआईएएल के पट्टे के बराबर है, जबकि स्वामित्व राज्य के पास रहता है। चरण 2 में एयरोसिटी को वर्ल्डमार्क 4, 5, 6 और 7 मिलेगा, जिसमें 35 लाख वर्ग फुट लीज योग्य क्षेत्र होगा और भारत का सबसे बड़ा मॉल 28 लाख वर्ग फुट में फैला होगा, मौजूदा वसंत कुंज मॉल से तीन गुना बड़ा होगा। वर्तमान में एरोसिटी के 11 प्रमुख होटलों में 5,000 होटल कमरे हैं।

# अडानी एंटरप्राइजेज नए प्रोजेक्स पर 80 हजार करोड़ के निवेश करेगी

**मुंबई ।**

देश के प्रमुख कारोबारी गौतम अडानी का अडानी ग्रुप लगातार नए प्रोजेक्ट्स में निवेश को बढ़ा रहा है। अब अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में 80,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। अडानी एंटरप्राइजेज का बिजनेस रिन्यूएबल एनर्जी से लेकर एयरपोर्ट और डाटा सेंटर्स जैसे सेक्टर में है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 के कैपिटल एक्सपेंडिचर का एक बड़ा हिस्सा रिन्यूएबल एनर्जी बिजनेस और एयरपोर्ट्स पर होगा। रिन्यूएबल एनर्जी और एयरपोर्ट सेगमेंट में करीब 50,000 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय होगा। इस ग्रुप की अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड सोलर मॉड्यूल बनाती है। यह सूर्य के प्रकाश को बिजली और ग्रीन हाइड्रोजन में बदलता है। सौरभ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे की वजह से हम सड़क क्षेत्र में भी 12,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। बाकी रकम कारोबारी क्षेत्रों में खर्च की जाएगी। अडानी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक विश्लेषक कॉल में कहा कि कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 के पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार और हवाई अड्डों पर होगा। उन्होंने कहा` कि हम 2024-25 में लगभग 80,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय करने पर विचार कर रहे हैं। इस व्यय का एक बड़ा हिस्सा एएनआईएल और हवाई अड्डा कारोबार में खर्च` किया जाएगा। इन क्षेत्रों में लगभग 50,000 करोड़ रुपए खर्च होगा। अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) सौर मॉड्यूल बनाती है जो सूर्य के प्रकाश को बिजली और हरित हाइड्रोजन में परिवर्तित करता है। उन्होंने कहा` कि फिर तीसरा हिस्सा सड़कों का होगा। गंगा एक्सप्रेसवे के कारण सड़क क्षेत्र में 12,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

## विदेशी निवेशकों ने 10 दिन में निकाले 17000 करोड

### शेयर बाजार मे लगातार गिरावट

**नई दिल्ली ।**

मई माह के पहले सप्ताह में ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 17000 करोड रुपए की निकासी की है। भारतीय शेयर बाजार की तेजी के बाद अब मुनाफा वसूली का दौर शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव परिणाम की आशंका को देखते हुए विदेशी निवेशक मुनाफा वसूली करते हुए, शेयर की बिकवाली कर रहे हैं। मॉरीशस के साथ भारत के कर संबंधों मैं हुए बदलाव के बाद, शेयर बाजार से 8700 करोड रुपए की निकासी विदेशी निवेशकों ने पिछले महीने की थी। विदेशी पोर्टफोलियो के निवेशकों द्वारा लगातार निकासी किए जाने से, शेयर बाजार में गिरावट का दौर बना हुआ है। सोमवार को भी शेयर बाजार में गिरावट के साथ बाजार का कारोबार शुरू हुआ। शेयर बाजार की जानकारों का कहना है, लोकसभा चुनाव परिणाम आने तक शेयर बाजार में अस्थिरता बनी रहेगी। जिस तरह की घबराहट शेयर बाजार में देखने को मिल रही है। शेयर बाजार की विशेषज्ञों का कहना है, बाजार में आगे भी गिरावट बनी रहेगी।



## एमिरेट्स को 2023 में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर का मुनाफा

**दुबई ।** विमानन कंपनी एमिरेट्स ने 2023 में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया। दुबई सरकार के स्वामित्व वाली एमिरेट्स ने सोमवार को बताया कि 2023 में 33 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व दर्ज किया। 2022 में राजस्व 29.3 अरब अमेरिकी डॉलर और लाभ 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर था। एयरलाइन ने वित्त वर्ष 2023 में 5.19 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दीं, 2022 में यह संख्या 4.36 करोड़ थी। विमानन कंपनी एक जनवरी से 31 दिसंबर तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। एमिरेट्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बयान में कहा` कि हमने दुनिया भर में पूरे वर्ष हवाई परिवहन तथा यात्रा संबंधी सेवाओं की उच्च मांग देखी। हम ग्राहकों की मांग पूरी करने में सक्षम रहे और हमने जबरदस्त परिणाम हासिल किए। उन्होंने कहा कि हम अपने उत्पादों तथा सेवाओं में निरंतर निवेश, मजबूत साझेदारी बनाने आदि का लाभ उठा रहे हैं।

## विदेशी क्रिप्टो कंपनियों के रजिस्ट्रेशन से दूर होगा कायदों में अंतर

**नई दिल्ली ।** दिग्गज कंपनियों बाइनैंस और क्यूकॉइन को धन शोधन निषेध इकाई से नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद अब क्रिप्टोकरेंसी क्षेत्र की तस्वीर अधिक साफ होती नजर आ रही है। इससे इस उद्योग की विश्वसनीयता भी बढ़ी है। इस क्षेत्र की कंपनियों ने नियामक के इस फैसले स्वागत किया है। मगर कई स्थानीय क्रिप्टो इकाइयों को यह अंदेशा भी है कि वैश्विक कंपनियों के आने पर उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। माना जा रहा है कि अब फाइनैंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया के पास पंजीकृत क्रिप्टो कंपनियों और अपंजीकृत विदेशी कंपनियों के बीच नियामकीय अंतर कम हो जाएगा क्योंकि क्यूकॉइन और बाइनैंस जैसी विदेशी कंपनियों ने एफआईयू के नियमों को मानते हुए ही पंजीकरण कराया है। क्रिप्टो एक्सचेंज कंपनी कॉइनडीसीएक्स के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि भारत में क्रिप्टोकरेंसी उद्योग और व्यवस्था के लिहाज से देखा जाए तो किसी भी कंपनी का किसी विभाग या नियामक के अंतर्गत आना अच्छा है क्योंकि प्लेटफॉर्म पर चल रही गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत में कारोबार करने के लिए विदेशी कंपनियों का यहां के कानूनों का पालन करना जरूरी है। पहले नियमन की दिक्कत थी। देसी एक्सचेंज एफाईयू के साथ पंजीकृत थे और सक्रिय भी थे। मगर केवल वे कंपनियां पंजीकृत थीं और दूसरी नहीं थीं तो नियामकीय खाई पैदा हो रही थी। क्यूकॉइन और बाइनैंस के पंजीकरण के बाद यह अंतर कम हो जाएगा।


## रेलिगेयर की कंपनी एनबीएफसी पर लगा फर्जीवाड़े का दाग हटा: रश्मि सलूजा

**नई दिल्ली ।**

बर्मन परिवार रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के अधिग्रहण की कोशिश कर रहा है। इस बीच कंपनी की चेयरपर्सन रश्मि सलूजा का कहना है कि रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की संपत्तियों और निवेश का पूरा फायदा उठाने का काम अधिग्रहणकर्ता की गैर जिम्मेदारी की वजह से अटका हुआ है। सलूजा ने कहा कि रेलिगेयर समूह की चारों कंपनियां वित्तीय मोर्चे पर अच्छा कर रही हैं। हमारी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पर लगा फर्जीवाड़े का दाग हट गया है और कर्ज देने वालों के साथ एकमुश्त निपटारा भी कर दिया गया है। अब रेलिगेयर की आगे की संभावनाओं का फायदा उठाने पर जोर है। डाबर समूह के प्रवर्तक बर्मन परिवार ने रेलिगेयर में 26 फीसदी हिस्सेदारी और खरीदने के लिए पिछले साल अक्टूबर में खुली पेशकश का प्रस्ताव किया था किंतु उसे अभी तक नियामक से मंजूरी नहीं मिली है। रेलिगेयर का शेयर शुक्रवार को 212 रुपये पर बंद हुआ। खुली पेशकश 235 रुपये के भाव पर की गई थी लेकिन रेलिगेयर के बोर्ड ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यह कंपनी के सही मूल्य के हिसाब से नहीं है। सलूजा ने कहा कि हम चाहते हैं कि अधिग्रहण का प्रस्ताव लाने वाले दूसरे शेयरधारकों के प्रति ज्यादा जिम्मेदारी दिखाएं और कंपनी से उन्हें पूरा फायदा देने में हमारी मदद करें। प्रबंधन नियामक से उचित एवं उपयुक्त तमगा हासिल करने में मदद नहीं कर सकता और यह काम उन्हें ही करना होगा। उन्होंने कहा कि खुली पेशकश से कंपनी के कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ा है मगर छोटे शेयरधारकों को नुकसान हो रहा है क्योंकि खुली पेशकश में रखी गई कीमत कंपनी के सही मूल्य और संभावनाओं के हिसाब से नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने हिस्से की जिम्मेदारी लेकर सुनिश्चित करना चाहिए कि अन्य शेयरधारकों को नुकसान न हो।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ

**मुम्बई ।**



शेयर बाजार सोमवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीददारी) से आई है। आज कारोबार के दौरान एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.36 फीसदी ऊपर आया जबकि बीएसई स्मॉलकैप 0.23 फीसदी नीचे आया। इंट्रा-डे में दोनों सूचकांकों में 1.5 फीसदी की गिरावट रही।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 111.66 अंक करीब 0.15 फीसदी की हल्की बढ़त के साथ ही 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 64.85 अंक तकरीबन 0.29 फीसदी बढ़कर 22,120.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स के अलावा सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड के शेयरों को लाभ हुआ। वहीं दूसरी ओर टाटा मोटर्स के शेयर सबसे ज्यादा आठ फीसदी गिरे। कंपनी का 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़कर 17,528.59 करोड़ रुपये पहुंचा पर इसके बाद भी उसके शेयर नीचे ही रहे। एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और नेस्ले के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी।

इससे पहले आज सुबह भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी50 की शुरुआत कमजोर रही। 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क 303 अंक की गिरावट के साथ 72,362 पर कारोबार कर रहा था, जबकि एनएसई फ्रंटलाइन इंडेक्स 98.10 अंक की गिरावट के साथ 22,000 के स्तर से नीचे आया। शुरुआती कारोबार में टाटा मोटर्स का शेयर 5 फीसदी से ज्यादा गिरा। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी के शेयर नुकसान में रहे।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग ऊपर आया। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट रही जबकि अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बढ़त रही।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,117.50 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे।

## एफएमसीजी कंपनियों को बिक्री बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** दैनंदिन की जरूरत का सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 में आय में सुधार के साथ बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। इन कंपनियों को कम मुद्रास्फीति के माहौल, सामान्य मानसून के अनुमान और अच्छी रबी की फसल के साथ खपत में सुधार की उम्मीद है। ब्रिटानिया, मैरिको, डाबर, जीसीपीएल और एचयूएल जैसी कंपनियों ने मार्च तिमाही के लिए अपने ताजा अनुमान में चालू वित्त वर्ष में आय बढ़ने की उम्मीद जताई है, क्योंकि अपस्फीति का चक्र खत्म हो गया है।प्रमुख जिंस कीमतों में गिरावट के चलते कंपनियों को कीमतें कम करना पड़ा। इसके चलते 2023-24 की आखिरी दो तिमाहियों में इन कंपनियों की बिक्री और मुनाफे पर असर पड़ा। एफएमसीजी कंपनियों को ग्रामीण बाजार में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है। इनकी कुल बाजार में एक तिहाई से अधिक हिस्सेदारी है। डाबर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक निवेशक वार्ता में कहा कि चालू वित्त वर्ष में बिक्री वृद्धि महत्वपूर्ण होगी। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के अधिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 आय वृद्धि का वर्ष है। चुनाव और मानसून के बाद दोहरे अंक में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

# वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच भारत का आयात 38 प्रतिशत बढ़ा: जीटीआरआई

### - 2018-19 में भारत का आयात 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था

**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से वस्तुओं का आयात लगभग 38 फीसदी बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, एफटीए भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध संस्थान ने कहा कि भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 2023-24 में 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एफटीए मई 2022 में लागू हुआ था। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया, जापान, 10 देशों वाले दक्षिणपूर्व एशियाई गुट आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एफटीए के बाद निर्यात और आयात में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है। आयात के मोर्चे पर वैश्विक व्यापार में 2.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश आठवें स्थान पर है। वित्त वर्ष 2023-24 में हालांकि भारत का व्यापारिक निर्यात 3.11 प्रतिशत गिरकर 437.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया और आयात भी 5.4 प्रतिशत घटकर 677.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।



## एयरटेल ने गूगल क्लाउड से साझेदारी की

**नई दिल्ली ।** भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों को क्लाउड समाधान उपलब्ध कराने के लिए गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी की है। सोमवार को संयुक्त बयान में कहा गया है कि दीर्घकालिक साझेदारी के तहत फास्ट-ट्रैक क्लाउड अपनाने के लिए गूगल क्लाउड से क्लाउड समाधान की पेशकश करेगा। दोनों कंपनियां उद्योग-अग्रणी एआई/एमएल समाधान विकसित करने के लिए संपर्क तथा एआई प्रौद्योगिकी की अनूठी ताकत को एक साथ लाएंगी, जिसे एयरटेल अपने बड़े डेटा सेट पर प्रशिक्षित करेगा। भारती एयरटेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी करके खुश हैं और सरकार, उद्यमों तथा उभरते व्यवसायों के लिए सुरक्षित व स्केलेबल क्लाउड समाधानों के साथ इस बाजार के अवसर का संयुक्त रूप से दोहन करेंगे। दूरसंचार कंपनी ने पुणे में प्रबंधित सेवा केंद्र स्थापित किया है। इसमें 300 से अधिक विशेषज्ञों हैं जिन्हें वहां गूगल क्लाउड और डिजिटल सेवाओं दोनों में प्रशिक्षित किया जाएगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in